दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 86 | मंगलवार, 31 मार्च-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# आईबीसी संशोधन विधेयक लोकसभा में पास, नक्सल मुद्दे पर तीखी बहस

## संसद के दोनों सदनों में ओबीसी आरक्षण पर राज्यसभा गरमाया माहौल

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों की आज की कार्यवाही कई महत्वपूर्ण मुद्दों और तीखी राजनीतिक नोकझोंक से भरपूर रही। एक ओर लोकसभा में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता संशोधन विधेयक को मंजूरी मिली, वहीं राज्यसभा में आरक्षण, सशस्त्र बलों और अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों पर विपक्ष और सत्ता पक्ष आमने सामने दिखे। लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता के प्रभाव पर जोर देते हुए कहा कि इस कानून ने देश की बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत बनाया है। उन्होंने बताया कि वाणिज्यिक बैंकों के गैर निष्पादित परिसंपत्तियों की वसूली में इस संहिता का योगदान 54 प्रतिशत से अधिक रहा है। सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसी दौरान वित्त मंत्री ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत है और प्रधानमंत्री की वैश्विक साख सबसे ऊंची है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष देश को कमजोर दिखाने की कोशिश कर रहा है, जबकि आर्थिक संकेतक जैसे विकास दर, मुद्रास्फीति और घरेलू मांग मजबूत स्थिति में हैं। इसके अलावा, लोकसभा में वामपंथी उग्रवाद पर भी जोरदार बहस हुई। सत्ता पक्ष के सांसदों ने पूर्व की सरकारों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया और दावा किया कि वर्तमान सरकार देश को उग्रवाद मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार इस मुद्दे की आड़ में खनन हितों को बढ़ावा दे रही है और जमीनी समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। राज्यसभा में भी दिन भर हंगामा और विरोध देखने को मिला। ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा सदस्य के बयान के विरोध में विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया। सत्ता पक्ष ने इस कदम को लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया और विपक्ष पर बहस से बचने का आरोप लगाया। हम आपको बता दें कि राज्यसभा में भाजपा सांसद के. लक्ष्मण ने कुछ राज्यों द्वारा मुस्लिमों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में शामिल कर आरक्षण के कथित दुरुपयोग का मुद्दा उठाया और सरकार से इस पर व्यापक समीक्षा कराने की मांग की। उनके बयान के विरोध में विपक्षी दलों ने सदन से बहिर्गमन किया। इस पर सदन के नेता और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य दल लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं का सम्मान नहीं करते और केवल मुस्लिम वोट बैंक को मजबूत करने के लिए तुष्टीकरण राजनीति कर रहे हैं। इसके अलावा, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल से संबंधित विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने इसे प्रवर समिति को भेजने की मांग की। विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि यह विधेयक बल के अधिकारियों के अधिकारों को सीमित करता है और संघीय ढांचे के विपरीत है। उन्होंने पदोन्नति में देरी, मानसिक दबाव और आत्महत्या जैसी समस्याओं को भी गंभीर बताया। इसके अलावा कई जनहित के मुद्दे भी उठाए गए। इसी बीच सरकार ने बताया कि वह असंगठित क्षेत्र के कामगारों को पेंशन योजना के दायरे में लाने पर विचार कर रही है। यह कदम करोड़ों श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा कवच को मजबूत कर सकता है। वहीं दवाओं की पैकिंग को लेकर भी चिंता जताई गई और मांग की गई कि जरूरत के अनुसार पैकिंग हो ताकि दवा की बबार्दी रोकी जा सके। संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा सभी 22 भारतीय भाषाओं में कराने की मांग भी जोर पकड़ती नजर आई। गैर हिंदी भाषी राज्यों के छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे को महत्वपूर्ण बताया गया। नेत्रहीनों के लिए सुरक्षित और अनुकूल आधारभूत ढांचा तैयार करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। सदस्यों ने कहा कि आधुनिक विकास के बीच दिव्यांगजन की जरूरतों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही कृषि भूमि के तेजी से गैर कृषि उपयोग में बदलने पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। इसे खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण दोनों के लिए खतरा बताया गया।

### 'आप दीजिए ना समय', धर्मेंद्र यादव की स्पीच के दौरान खड़े होकर क्यों बोले अमित शाह

लोकसभा में नक्सलवाद के मुद्दे पर हुई चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी के सांसद ऊँशैल्लशि ंपि ने सरकार के दावों को चुनौती देते हुए कहा कि इस समस्या का स्थायी समाधान केवल सुरक्षा बलों के सहारे नहीं, बल्कि संवाद और आदिवासियों को उनके अधिकार देने से ही संभव है।

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री Mulayam Singh Yadav के मॉडल का हवाला देते हुए कहा कि बातचीत के जरिए हजारों नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था और उत्तर प्रदेश को नक्सल प्रभाव से मुक्त किया गया। उनके अनुसार, 'अगर आदिवासियों का शोषण होगा, तो संघर्ष खत्म नहीं होगा।' बहस के दौरान सदन में उस समय हल्का माहौल भी बना जब गृह मंत्री अमित शाह ने हस्तक्षेप करते हुए वक्ता को अधिक समय देने का आग्रह किया, जिस पर सदन में मुस्कान और हल्की टिप्पणियां सुनाई दीं।



सपा सांसद ने आरोप लगाया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों—छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और महाराष्ट्र—में अब भी जमीन विवाद, कुपोषण, शिक्षा की कमी और सरकारी योजनाओं के कमजोर क्रियान्वयन जैसी गंभीर समस्याएं बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि 'बजट तो बढ़ता है, लेकिन जमीनी खर्च बहुत कम होता है।' उन्होंने यह भी मांग उठाई कि आदिवासियों को खनिज संसाधनों और जमीन पर उनका अधिकार मिले तथा विकास परियोजनाओं से पहले सामाजिक प्रभाव का आकलन अनिवार्य किया जाए। केंद्रीय सशस्त्र बलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जवानों को उचित सम्मान मिलना चाहिए और शहीद का दर्जा देने जैसे मुद्दों पर सरकार को स्पष्ट नीति बनानी चाहिए। सरकार की ओर से नक्सलवाद में कमी के दावे पर सहमति जताते हुए भी उन्होंने कहा कि 'समस्या खत्म होने का दावा वास्तविकता से दूर है।'

### नासिक का ढोंगी बाबा अशोक खरात खुलासाः 'शुद्धिकरण' के नाम पर खेलता था घिनौना खेल! महिलाओं की आपबीती सुनकर हैरान रह जाएंगे



**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के नासिक से सामने आया अशोक खरात कांड देशभर में सनसनी फैला चुका है। खुद को धर्मगुरु और अंक ज्योतिष विशेषज्ञ बताने वाला यह व्यक्ति अब गंभीर यौन शोषण, ठगी और काले अनुष्ठानों के आरोपों में घिरा है। 18 मार्च को हुई उसकी गिरफ्तारी के बाद जैसे जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे वैसे इस पूरे नेटवर्क की परतें खुलती जा रही हैं।

हम आपको बता दें कि अशोक खरात मर्चेंट नेवी में काम कर चुका है और उसे लोग कैप्टन के नाम से भी जानते थे। सेवानिवृत्ति के बाद उसने खुद को अंक गणना और तंत्र मंत्र का जानकार बताकर एक नई पहचान बनाई। नासिक के मिरगांव में उसने शिवनिका संस्थान और ईशान्येश्वर महादेव मंदिर की स्थापना की। धीरे धीरे उसने अपनी छवि एक ऐसे व्यक्ति की बना ली जो लोगों की शादी, संतान, व्यापार और पारिवारिक समस्याएं हल कर सकता है। गांव वालों के अनुसार, पिछले 15 से 16 साल में उसने 50 एकड़ से ज्यादा जमीन खरीदी और एक भव्य फार्महाउस बनाया, जिसकी कीमत लगभग 18 करोड रुपये बताई जाती है। उसके दरबार में बड़े अधिकारी, राजनेता और उद्योगपति तक पहुंचते थे। अपॉइंटमेंट के लिए हजारों रुपये देने पड़ते थे और महीनों तक इंतजार करना पड़ता था।

जांच में सामने आया है कि अशोक खरात लोगों के मन में डर और अंधविश्वास पैदा करता था। मंदिर में नकली सांप और जंगली जानवर रखकर रहस्यमय माहौल बनाया जाता था। महिलाओं को खास तौर पर निशाना बनाया जाता था। उन्हें यह विश्वास दिलाया जाता था कि उनके जीवन की समस्याएं केवल विशेष अनुष्ठान से ही खत्म हो सकती हैं। कई पीड़ित महिलाओं ने बताया कि उन्हें धमकाया जाता था कि अगर उन्होंने किसी को कुछ बताया तो उनके पति या बच्चों के साथ अनहोनी हो जाएगी। यही डर उन्हें चुप रहने पर मजबूर करता रहा।

पुलिस को जांच के दौरान एक पेन ड्राइव मिली जिसमें 58 अश्लील वीडियो क्लिप मिले। विशेष जांच टीम को अब तक 100 से ज्यादा संदिग्ध वीडियो के संकेत मिले हैं। आरोप है कि खरात अपने ऑफिस में लगे कैमरों के जरिए महिलाओं के वीडियो रिकॉर्ड करता था और बाद में उन्हें ब्लैकमेल करता था। एक महिला ने आरोप लगाया कि शादी और वैवाहिक जीवन सुधारने के नाम पर उसे कई बार बुलाया गया और बार बार उसके साथ दुराचार किया गया।

दूसरी ओर, एक कर्मचारी ने शिकायत की कि उसकी गर्भवती पत्नी के साथ 'स्वस्थ बच्चे' के नाम पर अनुष्ठान करते समय अश्लील हरकत की गई, जिसके बाद वह महीनों तक अवसाद में रही। हम आपको बता दें कि इस पूरे मामले का खुलासा एक कर्मचारी द्वारा किए गए स्टिंग ऑपरेशन से हुआ। अपनी पत्नी के साथ हुई घटना से आहत होकर उसने ऑफिस में छुपा कैमरा लगाया, जिससे अशोक खरात की करतूतें सामने आईं। 21 मार्च को दर्ज प्राथमिकी के बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया, जिसमें यौन शोषण, धोखाधड़ी और काले जादू विरोधी कानून शामिल हैं। हम आपको बता दें कि अब तक अशोक खरात के खिलाफ 10 से अधिक मामले दर्ज हो चुके हैं, जिनमें से अधिकांश यौन शोषण से जुड़े हैं।

# महंगे एलपीजी सिलेंडर पर प्रियंका गांधी ने सरकार को घेरा, बोलीं- संसद में बहस से क्यों डर?

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**




**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पश्चिम एशिया के संकट पर संसद में विस्तार से चर्चा करने की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि युद्ध और अंतरराष्ट्रीय संघर्ष जैसे गंभीर मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने कहा, 'इस मुद्दे पर हम एक देश के तौर पर एकजुट हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि देश के सामने मौजूद चुनौतियों का समाधान निकाला जाए। इसीलिए हम इस पर चर्चा की मांग कर रहे हैं।'

### एलपीजी सिलिंडर के दाम पर चिंता जताई

प्रियंका गांधी ने देश में बढ़ती महंगाई, खासकर रसोई गैस की कीमतों पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि एलपीजी सिलिंडर इतने महंगे हो गए हैं कि गरीब और मध्यम वर्ग के लिए उन्हें खरीदना बेहद मुश्किल हो गया है। उनके अनुसार, महंगाई का सीधा असर आम जनता के जीवन पर पड़ रहा है, जिसके समाधान के लिए संसद में सार्थक बातचीत होना जरूरी है।

### सरकार के जवाब पर क्या कहा?

पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकसभा में पश्चिम एशिया की स्थिति पर दिए गए बयान को लेकर प्रियंका गांधी ने कहा कि उसमें कुछ भी नया नहीं था। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री ने सिर्फ वर्तमान हालातों की जानकारी दी है, जो पहले से सबको पता है। प्रियंका ने जोर देकर कहा कि विपक्ष ने जो चर्चा के लिए नोटिस दिया है, उस पर बात होनी चाहिए ताकि सभी दलों का पक्ष सामने आ सके।

### विपक्ष का सुझाव क्या?

कांग्रेस महासचिव ने सुझाव दिया कि देश की समस्याओं का हल निकालने के लिए सभी राजनीतिक दलों को मिलकर विचार-विमर्श करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सभी दल एक साथ बैठकर चर्चा करेंगे, तो बेहतर और ठोस समाधान निकल सकते हैं। प्रियंका गांधी ने सरकार से मांग की कि वह केवल मौजूदा स्थिति न बताए, बल्कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस कदम भी उठाए।

### 40 यात्रियों से भरी बस भद्रावती में पुल से गिरी, 10 से ज्यादा गंभीर रूप से घायल



**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**कर्नाटक।** कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में एक निजी बस अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गई, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। यह घटना भद्रावती तालुक के वीरपुरा गांव के कागेहल्ला में घटी। खबरों के अनुसार, बस गिरने से पहले पुल की रेलिंग से टकरा गई थी। दस से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उन्हें भद्रावती तालुक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना के समय बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे और यह दावनगेरे जिले के चन्नागिरी से भद्रावती जा रही थी। दुर्घटनास्थल भद्रावती ग्रामीण पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है, जहां मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। इससे पहले, कर्नाटक के हसन जिले में एक सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना चन्नारायपटना तालुक के हिरिसावे स्थित अम्माकुटीरा लेआउट के पास हुई, जहां एक निजी बस की लॉरी से टक्कर हो गई। मंगलुरु से बेंगलुरु जा रही बस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान वह आगे चल रही लॉरी के पिछले हिस्से से टकरा गई, जिससे भीषण टक्कर हो गई।

# नीतीश कुमार के साथ ही नितिन नबीन ने भी छोड़ी 'बिहार की राजनीति', नये सीएम का नाम लगभग तय

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**




**बिहार।** बिहार की राजनीति में आज एक महत्वपूर्ण मोड़ आया जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। हाल ही में राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद उनका यह कदम संवैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा है, लेकिन इसके राजनीतिक मायने कहीं ज्यादा गहरे हैं। इस फैसले ने बिहार में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को और तेज कर दिया है और माना जा रहा है कि राज्य में अब नए दौर की शुरूआत होने वाली है।

### नीतीश कुमार का इस्तीफा और संवैधानिक स्थिति

नीतीश कुमार फिलहाल मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे। संविधान के प्रावधानों के अनुसार कोई भी व्यक्ति बिना विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बने छह महीने तक मुख्यमंत्री रह सकता है। ऐसे में नीतीश कुमार का इस्तीफा तत्काल सत्ता परिवर्तन का संकेत नहीं देता, लेकिन यह स्पष्ट करता है कि वे धीरे धीरे राज्य की राजनीति से दूरी बना रहे हैं।

हम आपको बता दें कि उनका इस्तीफा विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने स्वीकार कर लिया। बताया गया कि जनता दल यूनाइटेड के सदस्य संजय कुमार सिंह द्वारा नीतीश कुमार का इस्तीफा पत्र सौंपा गया था। यह कदम उन नियमों के अनुरूप है जिनके तहत संसद सदस्य बनने पर राज्य विधानमंडल की सदस्यता छोड़नी होती है।

नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना केवल पद परिवर्तन नहीं बल्कि बिहार की राजनीति में एक युग के समाप्त होने का संकेत माना जा रहा है। दो दशकों से अधिक समय तक राज्य की राजनीति के केंद्र में रहने वाले कुमार अब वापस राष्ट्रीय राजनीति की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने खुद कहा है कि वह हमेशा से राज्य विधानमंडल और संसद के दोनों सदनों में सेवा करना चाहते थे।

पिछले महीने पांच मार्च को उन्होंने मुख्यमंत्री पद छोड़ने का संकेत देते हुए राज्यसभा जाने का निर्णय सार्वजनिक किया था। उन्होंने अपने लंबे कार्यकाल के दौरान मिले जनसमर्थन के लिए जनता का आभार जताया और कहा कि उनकी सरकार ने विकास और सम्मान दिलाने का प्रयास किया।

### नितिन नबीन का इस्तीफा और नई स्पष्टता

इसी बीच, एक और बड़ा घटनाक्रम सामने आया जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने बांकीपुर सीट से विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने भावुक संदेश के जरिए अपने समर्थकों को इस फैसले की जानकारी दी और कहा कि यह अंत नहीं बल्कि एक नई भूमिका की शुरूआत है। नितिन नबीन ने अपने दो दशक लंबे राजनीतिक सफर को याद करते हुए बताया कि कैसे वर्ष 2006 में पहली बार विधायक बनने के बाद उन्होंने लगातार पांच बार जनता का विश्वास जीता। उन्होंने अपने क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं को उठाने को अपनी प्राथमिकता बताया।

नितिन नबीन के इस्तीफे से अब यह भी साफ हो गया है कि वह बिहार के मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। हम आपको बता दें कि एक दिन पहले उन्हें विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देना था, लेकिन इस्तीफे में हुई देरी के कारण यह अटकलें लग रही थीं कि उन्हें राज्य की कमान सौंपी जा सकती है। अब उनके राज्यसभा जाने के साथ यह संभावना पूरी तरह समाप्त हो गई है।

बिहार की राजनीति अब संक्रमण काल से गुजर रही है। एक तरफ नीतीश कुमार राष्ट्रीय स्तर पर नई भूमिका निभाने जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ राज्य में नए नेतृत्व को लेकर चचाएं तेज हैं। भाजपा के पास मौका है कि वह पहली बार राज्य में अपने दम पर मुख्यमंत्री पद संभाले। माना जा रहा है कि वर्तमान में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपी जा सकती है जबकि नीतीश कुमार के बेटे को उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।

बहरहाल, आने वाले दिनों में यह साफ हो जाएगा कि बिहार की कमान किसे सौंपी जाएगी, लेकिन इतना तय है कि राज्य की राजनीति में यह बदलाव लंबे समय तक प्रभाव डालने वाला है। नीतीश कुमार का सक्रिय राज्य राजनीति से हटना और नितिन नबीन का नया राजनीतिक सफर बिहार में नई शक्ति संतुलन की शुरूआत का संकेत है।

### भाजपा की बढ़ती दावेदारी

नीतीश कुमार के इस कदम के बाद अब यह लगभग तय माना जा रहा है कि बिहार में अगला मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी से हो सकता है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत के बाद भाजपा मजबूत स्थिति में है और पहली बार राज्य में अपना मुख्यमंत्री बना सकती है।

इस बदलाव के साथ ही लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार के बीच दशकों पुरानी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का अध्याय भी लगभग समाप्त होता दिख रहा है। लालू यादव सक्रिय राजनीति से दूर हैं, जबकि तेजस्वी यादव विपक्ष का चेहरा बने हुए हैं।

## संपादक की कलम से

# युद्ध में प्रयुक्त गोला बारूद के विकरण से पर्यावरण में होंगे जहरीले परिणाम

वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों ने बार-बार चेतावनी दी है कि यदि युद्धों में प्रयुक्त हथियारों और उनके पर्यावरणीय प्रभावों पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो ग्लोबल वार्मिंग की समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है। युद्ध के गोला बारूद के विकरण से पर्यावरण तथा ग्लोबल वार्मिंग में जहरीले परिणाम होने की आशंका बलवती हो चुकी है और इसके दूरगामी परिणाम की भी संभावना भी होगी, और प्रभावित क्षेत्र में निवासियों की आने वाली पीढ़ी भी इनके भयानक नतीजों से वंचित नहीं रह पाएंगी। युद्ध केवल सीमाओं का सीमित संघर्ष नहीं होता, यह धरती, आकाश और जीवन की समूची संरचना पर गहरा प्रभाव व प्रहार करता है। आधुनिक युद्धों में इस्तेमाल होने वाला बारूद, मिसाइलें, बम और रासायनिक तत्व केवल तत्काल विनाश तक सीमित नहीं रहते, बल्कि इनके प्रभाव दूरगामी और अदृश्य रूप से पर्यावरण तथा वैश्विक जलवायु को प्रभावित करते हैं। जब किसी युद्ध क्षेत्र में विस्फोट होते हैं तो भारी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और सूक्ष्म कण (पार्टिकुलेट मैटर) वायुमंडल में फैल जाते हैं, जो सीधे-सीधे ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाते हैं। ईरान, अमेरिका, इजरायल, फिलिस्तीन और रूस-यूक्रेन जैसे संघर्ष क्षेत्रों में लगातार हो रहे हमलों ने न केवल मानव जीवन को संकट में डाला है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को भी बुरी तरह झकझोर दिया है। युद्ध के दौरान जलते हुए तेल के कुएं, ध्वस्त होती औद्योगिक इकाइयाँ और धुएँ से भरे आसमान एक ऐसे विषाक्त वातावरण का निर्माण करते हैं, जिसमें सांस लेना भी खतरनाक हो जाता है। यह जहरीली हवा केवल युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वायुमंडलीय धाराओं के माध्यम से दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुँच जाती है, जिससे वैश्विक स्तर पर प्रदूषण बढ़ता है और जलवायु परिवर्तन की गति तेज होती है। बारूद में प्रयुक्त रसायन मिट्टी और जल स्रोतों में मिलकर उन्हें भी विषाक्त बना देते हैं, जिससे कृषि भूमि की उर्वरता घटती है और खाद्य सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न होता है। युद्ध के कारण बड़े पैमाने पर जंगलों की कटाई और आगजनी भी होती है, जिससे कार्बन अवशोषण की प्राकृतिक क्षमता कम हो जाती है और वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों का स्तर बढ़ता है। यह स्थिति ग्लोबल वार्मिंग को और अधिक गंभीर बना देती है, जिसके परिणामस्वरूप तापमान में वृद्धि, असामान्य वर्षा, सूखा और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएँ बढ़ने लगती हैं। युद्ध में इस्तेमाल होने वाले आधुनिक हथियारों में यूरेनियम और अन्य रेडियोधर्मी तत्व भी शामिल होते हैं, जिनका प्रभाव पीढ़ियों तक बना रहता है और पारिस्थितिकी तंत्र को स्थायी क्षति पहुँचाता है। इन तत्वों के कारण मिट्टी और पानी लंबे समय तक प्रदूषित रहते हैं, जिससे मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है, जैसे कैंसर और जन्मजात विकृतियाँ। युद्ध के दौरान होने वाले विस्फोटों से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण भी वन्यजीवों के जीवन को प्रभावित करता है, जिससे उनकी प्राकृतिक प्रवृत्तियाँ बदल जाती हैं और कई प्रजातियाँ विलुप्ति के कगार पर पहुँच जाती हैं। इसके अतिरिक्त, युद्ध के कारण बड़े पैमाने पर विस्थापन होता है, जिससे शरणार्थी संकट उत्पन्न होता है और नए क्षेत्रों पर पर्यावरणीय दबाव बढ़ता है, क्योंकि अचानक बढ़ी जनसंख्या के कारण संसाधनों का अत्यधिक दोहन होने लगता है। वैश्विक स्तर पर यदि इन युद्धों का सिलसिला इसी प्रकार चलता रहा, तो यह केवल राजनीतिक या आर्थिक संकट नहीं रहेगा, बल्कि एक गहरा पर्यावरणीय संकट बन जाएगा, जिसका प्रभाव पूरी मानवता को भुगतना पड़ेगा।



ललित शर्मा
संपादक

## वक्त की मेहरबानी

उदय किशोर साह



कविता

वक्त का हुआ जो भी जग में कद्रदान
वक्त उनपर हुआ है सदैव मेहरबान
वक्त है दोस्तों चन्द पल का। मेहमान
जीवन में वक्त को देना मान। सम्मान

नादान को वक्त को बनाया है इन्सान
अंधेरों से निकल बना गगन पे दिनमान
वक्त के साथ जो भी चला है इन्सान
वक्त ने बनाया है उनको जग में महान

राजा से रंक बनाया वक्त का अपमान
रंक से राजा का दिया है वक्त वरदान
वक्त ने पहुँचाया जमीं से असमान
वक्त की खामोशी कर दी गुमनाम

गर जीवन में पाना है अपनी मुकाम
वक्त का बन जा मानव तुम भी गुलाम
महक उठोगे चमन का बन। गुलफाम
वक्त की चरणों में सफलता का धाम

जिसने भी वक्त का किया तिरस्कार
जीवन भर बन गया निकम्मा बेकार
वक्त का करो सही सटीक व्यवहार
फर्श से उठ कर अर्श पे लो उपहार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका





भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (2026) ऐसे समय में उभरकर सामने आया है, जब भारत एक ओर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी भागीदारी को विस्तार देने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी ओर अपनी कृषि-आधारित सामाजिक-आर्थिक संरचना की रक्षा करने की अनिवार्य चुनौती का सामना कर रहा है।

फरवरी 2026 में घोषित अंतरिम रूपरेखा ने जहां भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार में नए अवसरों के द्वार खोले हैं, वहीं सस्ते अमेरिकी कृषि उत्पादों के संभावित आयात ने देश के करोड़ों किसानों के बीच चिंता और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। इस संदर्भ में यह प्रश्न अत्यंत प्रासंगिक हो जाता है कि क्या यह समझौता भारत को एक सशक्त वैश्विक कृषि निर्यातक के रूप में स्थापित करेगा या यह छोटे और सीमांत किसानों के लिए आर्थिक संकट का कारण बन सकता है।

भारत और अमेरिका के व्यापारिक संबंध ऐतिहासिक रूप से रणनीतिक और बहुआयामी रहे हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच कृषि व्यापार में भारत को अधिशेष प्राप्त हुआ है, जो यह संकेत देता है कि भारतीय कृषि उत्पादों में वैश्विक प्रतिस्पर्धा की क्षमता मौजूद है। प्रस्तावित समझौते के तहत अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों-जैसे मसाले, चाय, कॉफी, काजू, आम, पपीता और प्रसंस्कृत खाद्य-पर शुल्क में कमी या समाप्ति भारतीय निर्यात को प्रोत्साहित कर सकती है। इससे न केवल विदेशी मुद्रा अर्जन में वृद्धि होगी, बल्कि कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण उद्योग को भी बढ़ावा मिल सकता है।

किन्तु इस समझौते का दूसरा पक्ष कहीं अधिक जटिल और संवेदनशील है। अमेरिका अपने किसानों को व्यापक सब्सिडी प्रदान करता है, जिससे उसके कृषि उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में अत्यंत प्रतिस्पर्धी बन जाते हैं। यदि ऐसे उत्पाद-जैसे DDGS, सोयाबीन तेल और ज्वार-भारतीय बाजार में बड़े पैमाने पर प्रवेश करते हैं, तो घरेलू किसानों को मूल्य प्रतिस्पर्धा में गंभीर नुकसान उठाना पड़ सकता है। इससे कृषि उत्पादों की कीमतों में गिरावट आ सकती है, जो पहले से ही आय संकट से जूझ रहे किसानों के लिए और अधिक चुनौतीपूर्ण स्थिति उत्पन्न करेगी।

भारत की कृषि संरचना मुख्यतः छोटे और सीमांत किसानों पर आधारित है, जो कुल किसानों का लगभग 86% हिस्सा हैं। ये किसान सीमित संसाधनों, अस्थिर बाजार और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के बीच अपनी आजीविका बनाए रखते हैं। न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) जैसी नीतियां इन किसानों के लिए एक सुरक्षा कवच प्रदान करती हैं, किंतु इसकी पहुंच सीमित है और यह सभी फसलों तथा क्षेत्रों को समान रूप से लाभ नहीं पहुंचा पाती।

ऐसे में यदि सस्ते आयात घरेलू बाजार में बढ़ते हैं, तो टरढ की प्रभावशीलता कमजोर हो सकती है और किसानों की आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

एक अन्य महत्वपूर्ण चिंता जैव-सुरक्षा और जेनेटिकली मॉडिफाइड (GM) फसलों से जुड़ी हुई है। अमेरिका GM फसलों का एक प्रमुख उत्पादक और निर्यातक है, जबकि भारत में इस विषय पर अभी भी सावधानीपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया जाता है।

व्यापार समझौते के तहत गैर-शुल्कीय बाधाओं को कम करने का दबाव भारत पर पड़ सकता है, जिससे GM उत्पादों के आयात की संभावना बढ़ सकती है। यह स्थिति देश की जैव-विविधता, पारंपरिक कृषि पद्धतियों और खाद्य सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक जोखिम उत्पन्न कर सकती है।

इसके अतिरिक्त, डेयरी, पोल्ट्री और तिलहन जैसे संवेदनशील क्षेत्र भी इस समझौते से प्रभावित हो सकते हैं। भारत का डेयरी क्षेत्र न केवल विश्व में अग्रणी है, बल्कि यह करोड़ों ग्रामीण परिवारों की आजीविका का आधार भी है। यदि अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारतीय बाजार में प्रवेश करते हैं, तो स्थानीय उत्पादकों को प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। इसी प्रकार तिलहन क्षेत्र, जिसमें भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रयासरत है, सस्ते आयातों के कारण प्रभावित हो सकता है, जिससे घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन मिलने में बाधा उत्पन्न होगी।

इन आर्थिक चुनौतियों के साथ-साथ इस समझौते के सामाजिक और रणनीतिक आयाम भी महत्वपूर्ण हैं। कृषि क्षेत्र में संभावित आय हानि और प्रतिस्पर्धा से ग्रामीण रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिससे सामाजिक असमानता और क्षेत्रीय विषमताएँ बढ़ सकती हैं।

वहीं रणनीतिक दृष्टि से यह समझौता भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते सहयोग का प्रतीक है, जो QUAD और Indo-Pacific में शक्ति संतुलन के व्यापक परिप्रेक्ष्य से भी जुड़ा हुआ है। ऐसे में भारत के लिए इस समझौते को पूरी तरह अस्वीकार करना व्यवहारिक नहीं है, बल्कि संतुलित दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है।

इस संदर्भ में भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह वैश्विक आर्थिक अवसरों का लाभ उठाते हुए अपने कृषि हितों की रक्षा कैसे करे। इसके लिए बहु-स्तरीय रणनीति अपनाने की आवश्यकता है। सबसे पहले, व्यापारिक सुरक्षा उपायों-जैसे मात्रा सीमाएँ (TRQ), न्यूनतम आयात मूल्य (MIP) और विशेष संरक्षण उपाय (SSM)-का प्रभावी उपयोग किया जाना चाहिए, ताकि अचानक बढ़ते आयातों से घरेलू बाजार को सुरक्षित रखा जा सके।

दूसरे, घरेलू कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए संरचनात्मक सुधार आवश्यक हैं। इसमें कृषि उत्पादक संगठनों (FPOs) को बढ़ावा देना, आपूर्ति श्रृंखला को सुदृढ़ करना और प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित करना शामिल है। इससे भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी और किसान बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकेंगे।

तीसरे, नियार्तोन्मुख कृषि नीति को मजबूत किया जाना चाहिए। भारत के पास मसाले, जैविक उत्पाद, बागवानी फसलें और पारंपरिक खाद्य उत्पादों में वैश्विक बाजार पर कब्जा करने की अपार संभावनाएँ हैं। यदि इन क्षेत्रों में गुणवत्ता मानकों, ब्रांडिंग और लॉजिस्टिक्स पर ध्यान दिया जाए, तो भारत न केवल व्यापार संतुलन बनाए रख सकता है, बल्कि उसे और सुदृढ़ भी कर सकता है।

चौथे, जैव-सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को लेकर स्पष्ट और सख्त नीति अपनाना आवश्यक है, ताकि देश की खाद्य सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन से समझौता न हो। इसके साथ ही, तकनीकी नवाचारों को अपनाते हुए पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के बीच संतुलन स्थापित करना होगा। अंततः, यह समझौता केवल एक आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत की विकास यात्रा की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें निहित अवसरों और जोखिमों के बीच संतुलन स्थापित करना ही इसकी सफलता की कुंजी होगा। भारत को 'नेशन फर्स्ट' दृष्टिकोण अपनाते हुए ऐसी रणनीति विकसित करनी होगी, जो किसानों की सुरक्षा, खाद्य संप्रभुता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा-इन तीनों के बीच सामंजस्य स्थापित कर सके।

यदि भारत स्मार्ट और संवेदनशील नीति-निर्माण के माध्यम से इस संतुलन को साधने में सफल होता है, तो यह समझौता न केवल आर्थिक प्रगति का माध्यम बनेगा, बल्कि देश के करोड़ों किसानों के लिए स्थायी समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

# द्वार खोलना: शिक्षा में शारीरिक और सामाजिक समावेशन



डॉ विजय गर्ग
लेखक

शिक्षा का उद्देश्य केवल बच्चों को स्कूलों में नामांकित करना नहीं है; इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक बच्चा स्कूल तक पहुंच सके और उसमें स्वागत महसूस कर सके। शिक्षा तक शारीरिक और सामाजिक पहुंच दो आवश्यक स्तंभ हैं जो यह निर्धारित करते हैं कि क्या स्कूली शिक्षा एक सार्थक अनुभव बन जाती है या फिर एक अपूर्ण वादा बनी रहती है।

### भौतिक पहुंच: सीखने का

### पहला कदम

लाखों बच्चों के लिए, विशेष रूप से ग्रामीण और अविकसित क्षेत्रों में, स्कूल तक की यात्रा एक चुनौती है। लंबी दूरी, सुरक्षित परिवहन का अभाव, खराब सड़कें और असुरक्षित वातावरण अक्सर नियमित उपस्थिति को हतोत्साहित करते हैं। छोटे बच्चे, विशेषकर लड़कियां, सबसे अधिक प्रभावित हैं। कई मामलों में, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण परिवार अपने बच्चों को दूर स्थित स्कूलों में भेजने में संकोच करते हैं।

भौतिक पहुंच सुनिश्चित करने का अर्थ है सुलभ दूरी के भीतर स्कूल बनाना, विश्वसनीय परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराना और सुरक्षित मार्ग तैयार करना। उचित कक्षाएं, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता सुविधाएं – विशेषकर लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय यह भी बच्चों को स्कूल में रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इनके बिना, नामांकित छात्र भी पढ़ाई छोड़ सकते हैं।

### सामाजिक पहुंच: स्कूल गेट से परे

स्कूल जाना केवल आधी लड़ाई है; इसके अंदर स्वीकार्यता और मूल्य का एहसास होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। गरीबी, जातिगत भेदभाव, लैंगिक पूर्वाग्रह, विकलांगता और भाषा संबंधी अंतर जैसी सामाजिक बाधाएं अक्सर बच्चों को शिक्षा में पूरी तरह से भाग लेने से रोकती हैं।

हाशिए पर पड़े समुदायों के बच्चों को बहिष्कार, बदमाशी या उपेक्षा का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनका आत्मविश्वास और सीखने में रुचि कम हो जाती है। इसी प्रकार, यदि समावेशी शिक्षण पद्धतियां और सुविधाएं अनुपस्थित हों तो विकलांग बच्चों को कक्षाएं असुविधाजनक लग सकती हैं।

सामाजिक पहुंच के लिए एक समावेशी और सहायक वातावरण का निर्माण आवश्यक है, जहां प्रत्येक बच्चे को सम्मान महसूस हो। शिक्षक समानता, सहानुभूति और भागीदारी को बढ़ावा देकर इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पाठ्यक्रम और कक्षा अभ्यास में विविधता को प्रतिबिंबित करना चाहिए तथा छात्रों के बीच आपसी सम्मान को प्रोत्साहित करना चाहिए।

### परिवारों और समुदायों की भूमिका

शिक्षा तक शारीरिक और सामाजिक पहुंच सुनिश्चित करने में माता-पिता और समुदाय प्रमुख भागीदार हैं। जागरूकता अभियान परिवारों को शिक्षा के दीर्घकालिक मूल्य को समझने में मदद कर सकते हैं, विशेष रूप से लड़कियों के लिए। सामुदायिक भागीदारी से स्कूल की सुरक्षा में सुधार हो सकता है, अनुपस्थिति कम हो सकती है, तथा ऐसी संस्कृति बन सकती है जो सीखने को महत्व देती है।

स्थानीय शासन और स्कूल प्रबंधन समितियां बाधाओं की पहचान कर सकती हैं तथा व्यावहारिक समाधानों पर काम कर सकती हैं, जैसे परिवहन का व्यवस्था करना या भेदभाव से निपटना।

### सरकारी और नीतिगत हस्तक्षेप

सरकारों को मजबूत नीतियों और प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से शिक्षा तक समान पहुंच को प्राथमिकता देनी चाहिए। निःशुल्क शिक्षा, मध्याह्न भोजन योजनाएं, छात्रवृत्ति और बुनियादी ढांचे के विकास जैसी पहल स्कूल तक पहुंच में महत्वपूर्ण सुधार कर सकती हैं। हालाँकि, नीतियों को संख्याओं से आगे बढ़ना होगा और गुणवत्ता तथा समावेशीता पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

कमजोर समूहों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी बच्चा पीछे न छूट जाए। निगरानी प्रणालियों को न केवल नामांकन पर नजर रखनी चाहिए, बल्कि उपस्थिति, भागीदारी और सीखने के परिणामों पर भी नजर रखनी चाहिए।

### निष्कर्ष

शिक्षा एक मौलिक अधिकार है, लेकिन यह तभी सार्थक होता है जब प्रत्येक बच्चा शारीरिक रूप से स्कूल पहुंच सके और सामाजिक रूप से वहां शामिल हो सके। सच्ची प्रगति एक ऐसी शिक्षा प्रणाली के निर्माण में निहित है जो सुलभ, समावेशी और सशक्तिकरणकारी हो। जब बच्चों को स्कूल में शारीरिक और सामाजिक दोनों तरह से प्रवेश दिया जाता है, तो वे न केवल शिक्षित होते हैं - बल्कि वे सपने देखने, आगे बढ़ने और बेहतर समाज में योगदान करने में भी सक्षम होते हैं।

इस पहुंच को सुनिश्चित करना केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज का सामूहिक कर्तव्य है। तभी शिक्षा सभी के लिए समानता और अवसर का सेतु बन सकती है।

# भविष्य में एआई मुख्य भूमिका में और इंसान सहायक बन जाएगा



स्नेहा सिंह
लेखिका

एक समय था, जब हमने मशीनों का उपयोग इंसानों के विकल्प के रूप में शुरू किया था, लेकिन धीरे-धीरे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब इंसानों को ही विकल्प बना देगा।

इंसानों ने मशीनों का विकास अपने काम को आसान बनाने और कम समय में अधिक काम पूरा करने के लिए किया था। मशीनों का विकास इसलिए किया गया था कि उनसे अधिक सटीकता से काम किया जा सके। इंसानों ने अपनी जिंदगी को आसान और सुखद बनाने के लिए मशीनें विकसित कीं, लेकिन शायद कभी नहीं सोचा था कि यही मशीनें इंसानों का स्थान लेकर उनकी जिंदगी को कठिन बना सकती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसानों के अस्तित्व पर ही सवाल खड़ा कर देगा और उसे चुनौती देगा। जब तक इंसान प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर काम करता था, तब तक जीवन खुशहाल था। जैसे-जैसे तकनीक का विकास हुआ, वह प्रकृति के नियमों को तोड़ता गया और अब एक आभासी दुनिया में उलझ गया है। इसके कारण समाज के सामने नैतिक, सामाजिक और आर्थिक जोखिम खड़े हो गए हैं।

हाल ही में एक नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक ने तर्क दिया था कि जैसे-जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग बढ़ रहा है और उसके विकास की संभावनाएं बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे उसके खतरे भी बढ़ रहे हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास में कई देशों और कंपनियों द्वारा सुरक्षा के नियमों और मानकों की अनदेखी की जा रही है। जानकारों का मानना है कि इसके कारण स्थिति ऐसी हो गई है कि अब यह तकनीक मानवता के विनाश की दिशा में आगे बढ़ रही है या उसका कारण बन सकती है। जब तक एआई सिस्टम में नैतिकता और मानवता शामिल नहीं होगी, तब तक एआई कृत्रिम रूप से ही सोचेगा। वास्तव में वर्तमान में ऐसे एआई की आवश्यकता है, जो विकसित हो, बुद्धिमान हो, तर्क कर सके और संवेदनशीलता के साथ जिम्मेदारी निभा सके।

शोधकताओं का मानना है कि इस दशक के अंत तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मशीनें और तकनीकें ऐसी आ जाएंगी, जिनमें इंसानों से कहीं अधिक बुद्धि, तर्कशक्ति और कार्यक्षमता होगी।

यह तकनीक ऐसी होगी, जो हमारे आसपास की दुनिया को देखेगी, जानेगी और समझेगी। यह हमारे रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बन जाएगी। आने वाले एक दशक में यह इंसानों को होने वाली जानलेवा बीमारियों के इलाज भी खोज लेगी। सबसे पहले विचार यह आता है कि अतीत में जब इंसान के पास तकनीक नहीं थी और वह प्रकृति के करीब था, तब इतनी बीमारियां नहीं थीं। मशीनों और तकनीक के विकास और अत्यधिक उपयोग के बाद बीमारियां बढ़ी हैं। ऐसे में हमें बीमारियों का कारण कम करना चाहिए या उनके इलाज को और उन्नत बनाना चाहिए, यह सोचने वाली बात है।

दूसरी बात यह है कि अब मशीनों का प्रभुत्व बढ़ रहा है। एक समय था जब इंसान मुख्य भूमिका में था और मशीनें उसकी सहायता के लिए बनाई गई थीं। इंसान मशीनों का उपयोग करता था। अब स्थिति यह हो गई है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मशीनें मुख्य भूमिका में आ रही हैं और इंसान केवल सहायक बनता जा रहा है। इसका प्रभाव यह हो रहा है कि इंसानों का शरीर और मस्तिष्क दोनों कमजोर होते जा रहे हैं। इसके कारण लोग विभिन्न जीवनशैली संबंधी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभुत्व के कारण 2030 तक 1 करोड़ नौकरियां समाप्त हो सकती हैं। एआई वर्तमान में इंसानों से अधिक कुशलता से काम करता है, इसलिए भविष्य में इसका व्यापक उपयोग होगा। इससे समाज में नई संरचना विकसित होगी। रोजगार पाने के लिए लोगों को अपनी बौद्धिक क्षमता को बहुत अधिक विकसित करना होगा। भविष्य में समाज दो भागों में बंट सकता है, एक अत्यधिक बौद्धिक क्षमता वाले लोग और दूसरे कम बौद्धिक क्षमता वाले लोग। मशीनें अधिक सटीकता से काम करती हैं, इसलिए विशेषज्ञ इंसानों की बजाय मशीनों पर अधिक भरोसा करने लगे हैं। इसके कारण भविष्य में उन्हीं लोगों के पास अवसर होंगे जो मशीनों को अधिक कुशलता से संचालित कर सकेंगे।

इसके अलावा मेडिकल क्षेत्र में भी एआई अपना प्रभुत्व स्थापित कर रहा है। यह इंसानों से अधिक सटीकता से मेडिकल जांच करता है, रिपोर्ट तैयार करता है और उनका विश्लेषण करता है। इसके आधार पर बीमारी का कारण और उपचार की जानकारी देता है। इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में भी एआई द्वारा दी जाने वाली जानकारी से छात्रों की रुचि बढ़ रही है। इसके अलावा फिटनेस, स्पोर्ट्स ट्रेनिंग, फैशन, काउंसलिंग और अन्य कई क्षेत्रों में भी एआई का प्रभुत्व बढ़ रहा है। युवाओं को ऐसा लगने लगा है कि उन्हें इंसानों की आवश्यकता ही नहीं है, क्योंकि एआई उनकी सभी जरूरतें पूरी कर रहा है।

चिंताजनक बात यह है कि युवा पीढ़ी की स्वतंत्र सोच और रचनात्मकता पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है।

युवा अपने काम खुद सोचकर करने के बजाय एआई की मदद लेना अधिक पसंद कर रहे हैं। इससे लिखने, पढ़ने और सृजन करने के लिए आवश्यक सोच विकसित नहीं हो रही है। छात्र भी अपने अध्ययन, प्रोजेक्ट और अन्य कार्यों के लिए सीधे एआई का उपयोग कर रहे हैं, जिससे वे स्वयं सोचने का प्रयास नहीं करते।

ये टूल्स जवाब पसंद न आने पर अन्य विकल्प भी देते हैं। सवाल यह है कि क्या एआई द्वारा दिए गए सभी जवाब और सुझाव पूरी तरह सही और विश्वसनीय होते हैं? आखिर यह भी एक मशीन है, जिसे इंसानों ने ही बनाया है। ऐसे में मशीनों पर कितना भरोसा किया जाए, यह विचार करने की बात है।

एआई की कार्यक्षमता नहीं, बल्कि इंसान की बुद्धिक्षमता का विकास आवश्यक है। विशेषज्ञों का मानना है कि एआई का व्यापक उपयोग एक ओर लाभ देता है, लेकिन मानव विकास के दृष्टिकोण से यह अधिक नुकसान भी पहुंचा रहा है।

विज्ञान और चिकित्सा क्षेत्र में इसका उपयोग प्रभावी है, लेकिन शिक्षा और कौशल विकास में इसके नकारात्मक प्रभाव अधिक दिखाई दे रहे हैं। अध्ययन में इसका लगातार उपयोग बच्चों के दिमाग को निर्भर बना रहा है।

किशोरों और युवाओं की रचनात्मक क्षमता धीरे-धीरे कम हो रही है। बच्चे, किशोर और युवा अपने अध्ययन, प्रोजेक्ट, परीक्षा की तैयारी और लेखन कार्यों के लिए सीधे एआई का उपयोग कर रहे हैं, जिससे वे कम समय में काम पूरा कर लेते हैं। एक ओर समय की बचत होती है, लेकिन दूसरी ओर उनकी विश्लेषण और तर्क क्षमता घट रही है।

बचा हुआ समय वे नई चीजें सीखने के बजाय सोशल मीडिया, रील्स और ऑनलाइन गेम्स में बिताते हैं। इसके कारण कई बार वे अपराध की ओर भी बढ़ जाते हैं। इसके अलावा स्मार्टफोन और सोशल मीडिया की लत के कारण वे शारीरिक और मानसिक बीमारियों का शिकार भी हो रहे हैं।

दूसरी ओर एआई के कारण लोगों की व्यक्तिगत जानकारी भी आसानी से लीक हो जाती है, जिससे दुरुपयोग के मामले बढ़ रहे हैं। इन सभी परिस्थितियों में इंसान को यह समझना होगा कि प्राकृतिक बुद्धि से ही कृत्रिम बुद्धि का विकास संभव है, लेकिन कृत्रिम बुद्धि कभी प्राकृतिक बुद्धि का विकास नहीं कर सकती। इसलिए किसी भी तकनीक का उपयोग सीमित और सावधानीपूर्वक करना आवश्यक है।

# तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक आज

## महोत्सव के दूसरे दिन जैन स्तवन, अहिंसा दौड़, सामूहिक सामायिक, वाहन रैली सहित कई जीवदया कार्यक्रम हुए आयोजित







वेलकम इंडिया ब्यूरो

**बाड़मेर राजस्थान।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक मंगलवार को देश और दुनिया भर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जिस कड़ी में थार नगरी, बाड़मेर में जैन श्रीसंघ, बाड़मेर एवं जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के तत्वावधान में त्रि-दिवसीय जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत मंगलवार को वीर प्रभु के जन्म कल्याणक पर चतुर्विध संघ की उपस्थिति में ध्वजारोहण पश्चात विराट एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन होगा।

संयोजक प्रो. एस. के. जैन ने बताया कि परमात्मा महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के पावन व शुभ अवसर पर पूज्य गुरुदेव खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिन मणिप्रभ सूरीश्वरजी म.सा. के शिष्य उपाध्याय प्रवर श्री मनितप्रभ सागरजी म.सा. आदि ठाणा, प. पू. अचलगच्छाधिपति आ. भ. श्री कलाप्रभ सागर सूरीश्वर म. सा. की आज्ञानुवर्ती महोदया प. पू. अरुणोदय श्री जी म. सा. की शिष्या प्रवचन प्रवर्तनी प. पू. हिरण्यगुणा श्री जी म. सा. आदि ठाणा एवं प्रवर्तनी श्री सज्जन श्री जी म. सा., प्रवर्तिनी श्री शशिप्रभा श्री जी म. सा. की शिष्या परम पूज्या साध्वी श्री सम्यग्दर्शना श्रीजी म.सा. आदि ठाणा, प. पू. विमलप्रभाश्रीजी म. सा. आदि ठाणा शहर में विराजित गुरू-भगवन्तों की पावन निश्रा में जैन न्याति नोहरे से ध्वजारोहण पश्चात विराट व भव्य शोभायात्रा का आगाज होगा।

सह-संयोजक मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को प्रातः 6.00 बजे साधना भवन में श्री चिन्तामणि पार्श्व बहु मण्डल के संयोजन में जैन वाहों/स्तवन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वहीं प्रातः 6.00 बजे महावीर चौक कल्याणपुरा से अखिल भारतीय भंसाली समाज, बाड़मेर के संयोजन में अहिंसा दौड़ का आगाज हुआ। जो शहर के मुख्य मार्गां से होते हुए महावीर वाटिका पहुंची जहां दौड़ में अव्वल रहने वाले धावकों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान बड़ी में समाज के गणमान्य नागरिक, माताएं-बहिनें व धावके उपस्थित रहे। वहीं प्रातः 10.00 बजे सुमेर गौशाला में महावीर इन्टरनेशनल, बाड़मेर के संयोजन में जीवदया कार्यक्रम हुआ। जिसमें गौमाता को हरा- चारा, गुड़ खिलाया गया।

इस दौरान संस्थान के पदाधिकारी, सदस्यगण उपस्थित रहे। वहीं दोपहर 3.00 बजे साधना भवन में सामूहिक सामायिक का आयेजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया। तत्पश्चात सायं 4.00 बजे महावीर चौक कल्याणपुरा से गिरनार भक्त मण्डल व शिवाजी ग्रुप, बाड़मेर के संयोजन में विशाल वाहन रैली का आयोजन हुआ। जो शहर के मुख्य मार्गां से होते हुए गोलच्छा-डूंगरवाल ग्राउण्ड पहुंची। जहां समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### विराट व भव्य शोभायात्रा आज, रक्तदान सहित कई कार्यक्रम होंगे आयोजित

समिति सह-संयोजक चम्पालाल बोथरा ने बताया कि तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक दिवस पर मंगलवार को जैन न्याति नोहरे से विराट व भव्य शोभायात्रा का आयोजन होगा। यह शोभायात्रा जैन न्याति नोहरे से प्रारम्भ होकर दरियागंज, करमूजी की गली, महाबार रोड़, स्कूल नं. 04, जैन विद्यापीठ, ढ़ाणी बाजार, पुरानी सब्जी मण्डी, स्टेशन रोड़, रेल्वे स्टेशन, सुभाष चौक, हमीरपुरा, आराधना भवन से होते हुए गोलेच्छा-डूंगरवाल ग्राउण्ड पहुंचेगी।

जहां पूणाहूति व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रहेगा। वहीं दोपहर में गोलेच्छा-डूंगरवाल ग्राउण्ड में म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता, नन्दी गौशाला में जीवदया कार्यक्रम व महावीर जिनालय खागल्ल मोहल्ला में परमात्मा महावीर की महाआरती व आरती सजावट प्रतियोगिता का आयोजन रहेगा। महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में जैन बन्धु, माताएं-बहिनें सादर आमंत्रित है।

# जिला न्यायाधीश के नेतृत्व में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कारागार बिजनौर का किया गया निरीक्षण



वेलकम इंडिया नितिन शर्मा

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा जिला न्यायाधीश के नेतृत्व एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के साथ जिला कारागार बिजनौर का मासिक निरीक्षण किया गया।

इस अवसर पर जेल की सुरक्षा, सुविधाएँ एवं स्वच्छता की जाँच करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार बिजनौर का निरीक्षण करते हुए उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की स्वास्थ्य सेवाएं, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन समीक्षा करते हुए जेल प्रशासन को सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने महिला और पुरुष बंदियों के अस्पताल और बैरकों का सघनता से चेक किया।

उन्होंने मेस में भोजन की गुणवत्ता और जेल परिसर की साफ-सफाई का भी जायजा लिया। इसके अलावा, उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप हों और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के अंत में, उच्चाधिकारियों ने जेल प्रशासन से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और सुधारात्मक उपायों को शीघ्र लागू करने का आश्वासन दिया।

# भगवान श्रीराम पुत्र कुश के नाम पर पहली बार महोत्सव, भस्मा बना आस्था का केंद्र

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**नई दिल्ली।** भगवान श्रीराम के पुत्र कुश के नाम पर पहली बार आयोजित तीन दिवसीय कुशवासी महोत्सव-2026 का शुभारंभ रविवार को भस्मा मेला मैदान में भव्य रूप से हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच शुरू हुए इस आयोजन ने पहले ही दिन आस्था और सांस्कृतिक विरासत का सजीव संगम प्रस्तुत किया। यह महोत्सव धराधाम इंटरनेशनल, क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) तथा राजकीय बौद्ध संग्रहालय गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

### धार्मिक स्थलों से इतिहास तक की यात्रा

महोत्सव के प्रथम दिवस प्रतिभागियों को शहर के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत धराधाम परिसर स्थित बाबा गंगेश्वर नाथ मंदिर में विधि-विधान से पूजन एवं नारियल अर्पण के साथ हुई। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया के वैदिक मंत्रोच्चार ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इसके पश्चात प्रतिभागियों ने कोलहट भगवती, चंदा घाट एवं मुक्तेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। साथ ही राजकीय बौद्ध संग्रहालय के भ्रमण के दौरान प्राचीन धरोहरों एवं ऐतिहासिक विरासत का अवलोकन किया। उपनिदेशक डॉ. यशवंत सिंह राठौर ने संग्रहालय में संरक्षित पुरातात्विक संपदा की विस्तृत जानकारी दी। भ्रमण का समापन गोरखनाथ मंदिर में दर्शन के साथ हुआ।

### खेल, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला

महोत्सव के आगामी चरण में सोमवार को स्कूली छात्र-छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिताएं एवं विभिन्न प्रदर्शनी आयोजित की जाएंगी। वहीं 31 मार्च को मुख्य मंच पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय प्रतिभाओं के साथ विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

### गणमान्य जनों की रही उपस्थिति

नगर भ्रमण एवं उद्घाटन कार्यक्रम में संयोजक एवं धराधाम प्रमुख डॉ. सौरभ पाण्डेय सहित डॉ. यशवंत सिंह राठौर, गौतम पाण्डेय, रुचिरांगद पति त्रिपाठी, डॉ. सुनील दुबे, लक्ष्मीचंद शुक्ल, श्रीचंद शुक्ल, डॉ. सतीश चंद्र शुक्ल, डॉ. विनय श्रीवास्तव, सोमनाथ पाण्डेय, राजन सिंह सूर्यवंशी, कृपाशंकर राय, विजय नारायण शुक्ल, श्वेतिमा माधव प्रिया, एकता गोरखपुरी, प्रशांत पाण्डेय, गुरु पाण्डेय, प्रिया शुक्ला, नंदू यादव, सोहेल शम्सी एवं शुभम सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महोत्सव का यह आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को नई दिशा देने के साथ ही युवा पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है।

# साइबर क्राइम विषय पर जागरूकता रैली निकालते




वेलकम इंडिया नितिन शर्मा

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का चतुर्थ एक दिवसीय शिविर ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार तथा पीयूष वर्मा के नेतृत्व में लगाया गया।

स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम के संयोजक विवेक कुमार तथा डॉ शिवाली राजपूत के नेतृत्व में साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरूकता रैली निकाली। स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों से कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी शेयर नहीं करें। अपना बैंकिंग पासवर्ड अपने पास सुरक्षित रखें। तथा समय-समय पर पासवर्ड परिवर्तन करें। जागरूकता पूर्वक खाता संचालन करने से ही साइबर क्राइम से बचा जा सकता है। उनका कहना था कि खाता संचालन में त्रुटि होने पर तुरंत बैंक से संपर्क करें। शिविर का शुभारंभ उठें समाज के लिए उठें उठें लक्ष्य गीत के साथ किया गया।

कॉलेज के निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने स्वयंसेवियों से सामाजिक कार्यों में रुचि लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि छात्र अपने व्यक्तित्व विकास के लिए समाज सेवा करें।

कॉलेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने भी छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास से परिचित कराया। तथा महापुरुषों के मार्ग पर चलने की अपील की। शिविर का समापन हम होंगे कामयाब एक दिन गीत के साथ किया गया। इस मौके पर कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ आर पी सिंह, राकेश कुमार, डॉ वरुण कुमार, रुक्मिणी देवी, छाया राजपूत, नीशु देवल, शनि चौहान, ललित शर्मा, सोनू कुमार, डॉ ओमपाल त्यागी, प्रशांत चौधरी, गौरव कुमार, प्रदीप राजपूत आदि मौजूद रहे।

# शहर में स्वच्छता कार्य शत-प्रतिशत दिखाई दे: नगरायुक्त

## नाले-नालियों पर लगेंगे फ्लोटिंग टैज्स बैरियर



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगर निगम एक अप्रैल से स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए जोर शोर से जुटेगा। नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज जलकल, निर्माण, गैराज व स्वास्थय विभाग के अधिकारियों की बैठक में इस सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वच्छता, सफाई और सौंदर्यीकरण की दिशा में नगर निगम द्वारा शहर में यू ंतो किया ही जा रहा है लेकिन स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए एक अप्रैल से किया गया कार्य शत- प्रतिशत दिखायी देना चाहिए।

उन्होंने महानगर के नाले-नालियों में फ्लोटिंग टैज्स बैरियर ( एक तरह से जालियां) लगवाने के निर्देश दिए ताकि नाले-नालियों में बहकर आने वाले रैपर, पॉलिथीन व अन्य कचहरा एक जगह एकत्रित होने पर उसे निकाल कर आगे बहने से रोका जा सके। उन्होंने कूड़ा ट्रांस्फर स्टेशन से समय से कूड़ा उठान करने और उसके बाद उनकी तत्काल सफाई करने पर जोर दिया। नगरायुक्त ने कूड़ाघरों एवं सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई रखने तथा उन पर पेंटिंग कराकर उनका सौंदर्यीकरण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख स्थानों पर साफ सफाई के साथ सेल्फी प्वांइट बनाने का भी सुझाव दिया।

नगरायुक्त ने निर्माण विभाग से उन स्थानों पर तुरंत कार्य शुरू करने को कहा जिन स्थानों पर नालियां न होने या ढलान ठीक न होने आदि समस्या के कारण जल निकासी की समस्या रहती है। गैराज विभाग ने शहर के ऐसे 34 स्थानों को चिह्नित किया था। उन्होंने प्रत्येक वार्ड में सौंदर्यीकरण के लिए वेस्ट टू वंडर पार्क या कॉर्नर विकसित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, सहायक नगरायुक्त बिकास धर दुबे, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, अधिशासी अभियंता जल वी बी सिंह, जेडएसओ राजीव चौधरी व अनेक विभागों के सहायक अभियंता, जेई तथा सफाई निरीक्षक व एनजीओ के वालंटियर्स आदि भी शामिल रहे।

# अर्पित एवम मानसी ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**जगदीशपुर।** कड़ी मेहनत व लगन की बदौलत अर्पित सिंह व मानसी सिंह ने यू पी एस सी मे सफल होकर माता पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया जिसके चलते लोगो का बधाईयो का दौर जारी रहा।

विकास खंड के अंतर्गत स्थित ग्राम पालपुर निवासी अर्पित सिंह पुत्र राकेश सिंह जो लखनऊ विश्व विद्यालय से शिक्षा लेने के बाद वही तैयारी कर यू पी एस सी की परीक्षा पास कर असिस्टेंट कमिश्नर का पद हासिल करने पर क्षेत्रीय लोगो ने खुशी जाहिर की।

वही ए एच इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक की पुत्री मानसी सिंह जो बी टेक की पढाई लखनऊ से कर यू पी एस सी की तैयारी दिल्ली मे रहकर की कठिन पढाई कर पहली ही बार मे डिप्टी जेलर का पद हासिल किया।

अपार सफलता मिलने पर दोनों होनहार पधाधिकारियो को क्षेत्रीय लोगो मे बधाई देने का दौर जारी रहा।

# राज्य मंत्री ने दिया चार बच्चों को प्रकाशवती मदनलाल शर्मा छात्र प्रतिभा सम्मान







वेलकम इंडिया ब्यूरो

**रुड़की।** अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स स्मारक विद्यालय खजुरी अकबरपुर के चार बच्चों को प्रकाशवती मदनलाल शर्मा छात्र प्रतिभा सम्मान, उत्तराखंड के राज्य मंत्री स्तर श्यामवीर सैनी,उत्तराखंड के संस्कृत शिक्षा निदेशक रहे डॉ आनन्द भारद्वाज, विक्रमशीला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति व विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ श्रीगोपाल नारसन तथा विद्यालय प्रबन्धक गुरुदत्त वत्स द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया।प्रधानाचार्य शालिनी कौशिक की संस्तुति पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष डॉ श्रीगोपाल नारसन ने अपने दिवंगत माता पिता की स्मृति में कक्षा 8 के छात्र लविस कुमार ,कक्षा 7 की छात्रा रॉक्सी,कक्षा 6 की छात्रा रुचि तथा अनुशासन के क्षेत्र में प्रथम रहे वंश को सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र व प्रत्येक छात्र को एक एक हजार रुपये प्रदान किये गए।मुख्य अतिथि राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी ने अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स को शहीद भगत सिंह के समतुल्य सेनानी बताते हुए उनकी राष्ट्रभक्ति को नमन किया। उन्होंने विद्यालय को इंटरमीडिएट तक करने के लिए शासन स्तर पर कार्यवाही का भरोसा भी दिलाया।वही उत्तराखंड के संस्कृत शिक्षा निदेशक रहे डॉ आनन्द भारद्वाज ने विद्यालय में नवाचार शिक्षा पर जोर दिया और प्रधानाचार्य व अध्यापकों से वर्षभर की कार्ययोजना तैयार कर विद्यालय प्रगति में सहयोग देने की अपील की। प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ श्रीगोपाल नारसन अमर शहीद जगदीश वत्स की बलिदान गाथा पर प्रकाश डाला और सरकार से इस उपेक्षित शहीद स्मारक विद्यालय के जीर्णोद्धार की अपील की। प्रबंधक गुरुदत्त वत्स ने विद्यालय की ओर से अतिथियों का स्वागत शाल ओढ़ाकर किया और पुरुस्कृत बच्चों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रथम प्रधानाध्यापक पंडित ताराचंद वत्स के आजादी के आंदोलन में योगदान व विद्यालय स्थापना की भी जानकारी दी गई।

# वार्षिक उत्सव में मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**टाण्डा।** सोमवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय चक कचनाल में वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के सभी बच्चों को देकर रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एआरपी सुरेंद्रपाल सिंह ने शिरकत की। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा हासिल करने के लिए पूरी मेहनत और लगन से काम करना चाहिए। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि वे निरंतर प्रयास करते रहें और भविष्य में बेहतर मुकाम हासिल करें। प्रधानाध्यापक छोटे सिंह ने भी बच्चों की हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करने से ही जीवन में सफलता मिलती है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया कि वे पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें। राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में कुमारी अवंतिका और अभय कुमार ने सफलता हासिल की। वहीं, लवी चंदा स्कूल टॉपर रहे। सभी सफल छात्रों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# इंग्लिश स्कॉलर्स एसोसिएशन के गुरचरण सिंह प्रांतीय मंत्री बने

वेलकम इंडिया नितिन शर्मा



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश इंग्लिश स्कॉलर्स एसोसिएशन की एक विशेष बैठक आर. जे. पी. इंटर कॉलेज बिजनौर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की कोर कमेटी एवं संस्थापक मंडल के सदस्यों द्वारा एसोसिएशन के संस्थापक डॉ महेंद्र सिंह त्यागी को सर्वसम्मति से प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया तथा गुरचरण सिंह को प्रांतीय मंत्री के पद से नवाजा गया। सभा में अजयवीर सिंह, प्रवक्ता के. एम. इंटर कॉलेज धामपुर को जनपद बिजनौर इकाई का जिला अध्यक्ष तथा अरुण दीक्षित प्रवक्ता राजा चरत सिंह इंटर कॉलेज साहनपुर को जिला मंत्री जनपद बिजनौर मनोनीत किया गया। प्रेस वार्ता में डॉ त्यागी ने बताया कि संगठन का उद्देश्य अंग्रेजी भाषा को बढ़ावा देना, रिसर्च वर्क एवं जर्नल्स प्रकाशित करना तथा छात्रों को कैरियर संबंधी जानकारी देने के साथ-साथ कैरियर संबंधी प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित करना तथा शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु कार्य करना मुख्य उद्देश्य है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा इंटरमीडिएट एवं हाई स्कूल कक्षाओं में संचालित अंग्रेजी पाठ्यक्रम की विसंगतियों को दूर कराना हमारा मुख्य उद्देश्य है। उत्तर प्रदेश इंग्लिश स्कॉलर्स एसोसिएशन माध्यमिक शिक्षकों के साथ-साथ डिग्री कॉलेज प्राथमिक विद्यालयों एवं अंग्रेजी के विद्वानों का उत्तर प्रदेश स्तर का एक महत्वपूर्ण संगठन है जिसकी स्थापना सन 2004 में अंग्रेजी के विद्वानों द्वारा बिजनौर में की गई थी।

# वूमेन हॉस्टल प्रोजेक्ट के लिए स्मार्ट सिटी सहारनपुर को राष्ट्रीय पुरस्कार

## 33 वें कॉन्क्लेव इंडिया स्मार्ट सिटीज एक्सपो 2026 में मिला पुरस्कार

वेलकम इंडिया ब्यूरो






**सहारनपुर।** सहारनपुर स्मार्ट सिटी को नोएडा में आयोजित 33 वें कॉन्क्लेव इंडिया स्मार्ट सिटीज एक्सपो 2026 में 'कामकाजी महिलाओं को मजबूत करने के लिए स्मार्ट पहल' श्रेणी के अंतर्गत प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान शहर में कार्यरत महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विकसित किए गए वूमेन हॉस्टल प्रोजेक्ट के लिए प्रदान किया गया है। सम्मान चिह्न एंव प्रमाणपत्र कॉन्क्लेव से लौटकर स्मार्ट सिटी के कंपनी सचिव शंकर तायल ने स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त शिपू गिरि को सौंपा। स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त शिपू गिरि ने पुरस्कार पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी सहारनपुर द्वारा यह अभिनव परियोजना कार्यरत महिलाओं को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं आधुनिक आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वूमेन हॉस्टल को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि यह महिलाओं की दैनिक आवश्यकताओं, सुरक्षा एवं आराम को प्राथमिकता देता है। इसमें आधुनिक सुरक्षा प्रणाली, सीसीटीवी निगरानी, 247 सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छ एवं सुसज्जित कमरे, सामुदायिक स्थान तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी की यह पहल न केवल महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करती है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने और अपने करियर को आगे बढ़ाने में भी सहायता करती है। स्मार्ट सिटी का यह प्रयास शहरी विकास के साथ-साथ सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि टीम के समर्पण और नवाचार का परिणाम है। भविष्य में भी संस्था द्वारा ऐसे ही जनहितकारी एवं समावेशी प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा दिया जाएगा। अपर नगरायुक्त/एसीईओ प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि यह पुरस्कार सहारनपुर शहर को एक स्मार्ट, सुरक्षित और समावेशी शहर के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

# वृंदावन में यमुना को निखारने की तैयारी, केसी घाट से देवरहा बाबा घाट तक होगा ट्रायल

## ब्रज तीर्थ विकास परिषद में वैज्ञानिक उपायों पर मंथन, प्रदूषण नियंत्रण और जलमार्ग विकास पर चर्चा

वेलकम इंडिया मनोज शर्मा



**मथुरा।** वृंदावन में यमुना नदी को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू होने जा रही है। देवरहा बाबा घाट से केसी घाट तक यमुना के दोनों किनारो पर जियोलॉजिकल मैपिंग होगी। इसके आधार पर यमुना जल को प्रदूषण मुक्त करने सहित जल मार्ग विकसित करने की योजना को अमलीजामा पहनाया जा सकेगा।

सोमवार को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद सभागार में परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में ग्लोबल विकास ट्रस्ट के संस्थापक मयंक गांधी ने जल की गुणवत्ता सुधारने के लिए आवश्यक वैज्ञानिक आंकड़े एकत्रित करने की योजना प्रस्तुत की। इसमें यमुना की वर्तमान स्थिति, सिल्ट, जल प्रवाह और प्रदूषण नियंत्रण के वैज्ञानिक उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कान्त मिश्र ने प्रथम चरण में केसी घाट से देवरहा बाबा घाट तक ट्रायल प्रोजेक्ट के रूप में वैज्ञानिक अध्ययन का कार्य शुरू करने को कहा। तय किया गया कि चयनित क्षेत्र में पहले वैज्ञानिक अध्ययन कराया जाएगा, जिसके आधार पर कार्ययोजना लागू की जाएगी। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सिचाई सहित संबंधित विभागों को आवश्यक सहयोग और समन्वय के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की मुख्य कार्यपालक अधिकारी लक्ष्मी एन, रविंद्र चामड़िया, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के एसीईओ मदन चंद दुबे, पर्यावरण विशेषज्ञ मुकेश शर्मा, डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य अभियंता जलकल तथा सिंचाई विभाग के अभियंता उपस्थित रहे।

# हापुड़ जिले में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र व स्मार्ट फोन वितरित



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** हापुड़ जनपद में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा लखनऊ से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिसका जनपद हापुड़ में भी व्यापक स्तर पर आयोजन किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक हापुड़, अध्यक्ष जिला पंचायत, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के कर कमलों के द्वारा जनपद की 29 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 100 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। साथ ही जनपद की मुख्य सेविकाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 113 स्मार्ट फोन प्रदान किए गए।वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं समाज के सबसे महत्वपूर्ण वर्ग-माताओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्हें सशक्त बनाना समाज के समग्र विकास की दिशा में एक अहम कदम है।कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों में उत्साह एवं खुशी का वातावरण देखने को मिला। जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के समन्वय से कार्यक्रम का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन संपन्न हुआ।

## राल गौशाला में विकसित होगा जैविक मॉडल, किसानों को मिलेगा प्रशिक्षण

**मथुरा(वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद सभागार में बैठक के दौरान गोवंश आधारित जैविक मॉडल पर भी चर्चा हुई। गोमूत्र और गोबर को वैज्ञानिक तरीके से कृषि, वानिकी और ऑर्गेनिक खेती में अधिक उपयोगी बनाने की योजना पर सहमति बनी। इसके लिए राल स्थित देवरहा बाबा गौशाला में एक मॉडल विकसित किया जाएगा। यह कार्य भी ग्लोवल विकास ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। इस मॉडल को बाद में जिले की अन्य गौशालाओं में भी लागू किया जाएगा। साथ ही, 50 किसानों को प्रशिक्षण के लिए मई माह में अहमदाबाद स्थित ट्रस्ट मुख्यालय भेजा जाएगा।

## पमथुरा के शुभम चतुर्वेदी ने यूपी पीसीएस में प्राप्त की सफलता

**मथुरा(वेलकम इंडिया)।** कल देर रात आये यूपीपीसीएस के नतीजों में मथुरा के शुभम चतुर्वेदी ने शानदार सफलता प्राप्त करते हुए मथुरा का नाम रोशन किया कुल चयनित 932 विद्यार्थियों में मूल रूप से मथुरा के रहने वाले शुभम की सफलता पर उनके परिजनों के साथ शहर के सामाजिक व गणमान्य नागरिकों ने भी खुशी व्यक्त की। शहर के महौली की पौर चौबिया पाडा निवासी श्रद्धा व मनोज चतुर्वेदी के सुपुत्र शुभम शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं, उनके बड़े भाई भाजपा नेता अनुराग चतुर्वेदी ने बताया कि परमेश्वरी देवी धानुका से इंटरमीडियेट करने के बाद शुभम ने एनआईटी दुर्गापुर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की किंतु मन में शुरू से सिविल सेवा का संकल्प था और परिजनों ने भी उन्हें इस दिशा में भरपूर प्रेरित किया जिसका कि सुखद परिणाम प्राप्त हुआ है।

# कपकोट पुलिस ने 104 विस्फोटक जिलेटिन की छड़ो के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया गोविन्द मेहता




**बागेश्वर।** पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मेहरा के द्वारा जनपद में होटल ढांबा होमस्टे संदिग्ध वस्तुओ / सत्यापन हेतु चैकिंग अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में थाना कपकोट के शामा चौकी प्रभारी अपर उपनिरीक्षक सुमित कुमार एवं पुलिस टीम द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की चेकिंग के दौरान लीती निवासी पान सिंह पुत्र उमेद सिंह की दुकान में चेकिंग के दौरान दुकान से विस्पोटक पदार्थ बरामद हुए। अभियुक्त की दुकान से विस्पोटक पदार्थ जिलेटिन की 104 छड़ें बरामद हुई। अवैध विस्फोटक पदार्थ की छड़ो के सम्बन्ध में पान सिंह से पुछताछ की गई तो बताया कि वर्ष 2010-2012 में लीती सड़क निर्माण का कार्य प्रीतम सिंह परिहार एवं महेश खेतवाल निवासी बागेश्वर के ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था, उनके द्वारा श्याम सिंह कोरंगा के खाली पड़े मकान में सड़क निर्माण सामग्री का गोदाम बनाया था जिसकी देखरेख करते थे। सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण होने के उपरांत विस्फोटक पदार्थ जिलेटिन की कुछ छडे बच गई थी जिन्हे पान सिंह द्वारा अपने पास रख लिया।वही विस्फोटक पदार्थ की छड़ो की जॉच हेतु बीडीएस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। बीडीएस टीम द्वारा बरामद छड़ो को विस्फोटक पदार्थ होना बताया गया। बरामद अवैध विस्फोटक पदार्थ की 104 छड़ों के के साथअभियुक्त पान सिंह पुत्र उमेद सिंह लीती निवासी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कपकोट में धारा 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 व धारा 288 बीएनएस के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं। मामले का खुलासा करते हुए एसपी जितेंद्र मेहरा ने बताया कि अवैध रूप से अभियुक्त द्वारा विस्फोटक सामग्री को रखा गया था। बरामद विस्फोटक पदार्थ को सील कर सुरक्षित स्थान में रखा गया है। अभियुक्त जनरल स्टोर चाय की दुकान व पवन होम स्टे का संचालन भी करता हैं। एसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। विस्फोटक पदार्थों को इस तरह दुकानो में रखना ठीक नहीं है। इस दौरान एसआई जीवन सामंतमनोहर चंद आदि मौजूद थे।

# रूदौली-मवई में आंगनबाड़ी चयन सम्पन्न, 16 केंद्रों का शिलान्यास





वेलकम इंडिया फतेह खान

**रूदौली।** बाल विकास विभाग द्वारा रूदौली ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

कोटरा की कविता मौर्या व पूरे कामगार की ममता देवी को विधायक सुपुत्र आलोक चंद्र एवं खंड विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश मिश्रा ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

इस दौरान रूदौली व मवई क्षेत्र के कुल 16 आंगनबाड़ी केंद्रों (11 रूदौली, 5 मवई) का शिलान्यास भी किया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नए केंद्रों से बच्चों के पोषण, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में अधिकारियों व क्षेत्रीय लोगों की मौजूदगी रही।

# यूपी पुलिस में बड़ा फेरबदल: 27 आईपीएस अफसरों के तबादले

वेलकम इंडिया मयूर खान




**आगरा।** लखनऊ से जारी आदेश के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। राज्य सरकार ने 27 आईपीएस अधिकारियों का तबादला करते हुए 13 जिलों के पुलिस कप्तानों को बदल दिया है। इस निर्णय को प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

इस फेरबदल में कई महत्वपूर्ण पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं। चंद्रप्रकाश को आईजी सुरक्षा बनाया गया है, जबकि राजेश द्विवेदी को अलीगढ़ में पीएसी सेनानायक की जिम्मेदारी दी गई है। प्रबल प्रताप सिंह को एसपी क्राइम मुख्यालय नियुक्त किया गया है। विद्या सागर मिश्रा को सीतापुर और राजेश कुमार द्वितीय को मेरठ में पीएसी सेनानायक बनाया गया है।

जिलों में भी बड़े स्तर पर बदलाव किए गए हैं। आदित्य लांग्हे को फिरोजाबाद का एसपी, ईला मारन को एटा का एसएसपी और सौरभ दीक्षित को शाहजहांपुर का एसपी बनाया गया है। इसी क्रम में सोमेंद्र मीणा को रामपुर, विश्वजीत श्रीवास्तव को बहराइच और लाखन सिंह यादव को अमरोहा का एसपी नियुक्त किया गया है।

अन्य नियुक्तियों में डॉ दीक्षा शर्मा को लखनऊ कमिश्नरेट में डीसीपी बनाया गया है, जबकि निपुण अग्रवाल को मुरादाबाद, रामनयन सिंह को नोएडा, और डॉ दुर्गेश कुमार को अयोध्या में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

इसके अलावा विनय सिंह को जालौन, शशांक सिंह को महोबा, शक्ति मोहन अवस्थी को महराजगंज और आकाश पटेल को चंदौली का एसपी बनाया गया है।

इसी कड़ी में सत्य नारायण प्रजापति को कौशांबी, मृगांक शेखर पाठक को हमीरपुर, आदित्य बंसल को अलीगढ़ में एसपी सिटी और अमृत जैन को मुजफ्फरनगर में एसपी सिटी की जिम्मेदारी दी गई है।

यह व्यापक फेरबदल इस बात का संकेत है कि राज्य सरकार पुलिस प्रशासन को अधिक सक्रिय, जवाबदेह और प्रभावी बनाने के लिए लगातार कदम उठा रही है। आने वाले समय में इन नियुक्तियों का असर प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर देखने को मिलेगा।

## बरसाना में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की उठी मांग, सांसद हेमा मालिनी को भेजा गया विस्तृत पत्र

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** श्री राधा रानी की पावन नगरी बरसाना में शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ एवं उन्नत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। श्रीजी बृज सेवा ट्रस्ट (रजि.) द्वारा केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर एक विस्तृत एवं प्रभावशाली पत्र क्षेत्रीय सांसद हेमा मालिनी को प्रेषित किया गया है। पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि बरसाना, जो संपूर्ण ब्रज क्षेत्र की आस्था, भक्ति एवं सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र है, आज भी गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सुविधाओं से वंचित है। यहां के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूरस्थ क्षेत्रों की ओर रुख करना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ट्रस्ट के अध्यक्ष पवन शर्मा द्वारा प्रेषित पत्र में कहा गया है कि बरसाना तथा आसपास के ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु आधुनिक संसाधनों से युक्त केंद्रीय विद्यालय की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। पत्र में यह भी रेखांकित किया गया है कि केंद्रीय विद्यालय न केवल उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, संस्कार एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। पत्र में यह भी उल्लेखित है कि केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से न केवल स्थानीय विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जा सकेगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के हजारों छात्र-छात्राएं भी इससे प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त करेंगे। यह पहल क्षेत्र के शैक्षिक विकास में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए सशक्त मंच उपलब्ध कराएगी। ट्रस्ट ने सांसद से जनहित को दृष्टिगत रखते हुए इस विषय में सकारात्मक पहल करने तथा संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर केंद्रीय विद्यालय की स्थापना सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है। इस संदर्भ में ट्रस्ट द्वारा महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भी पत्र की प्रतिलिपि रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रेषित की गई है, ताकि इस महत्वपूर्ण मांग पर शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। स्थानीय नागरिकों एवं अभिभावकों ने भी इस पहल का समर्थन करते हुए आशा व्यक्त की है कि यदि बरसाना में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना होती है, तो यह क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन लाने वाला कदम सिद्ध होगा।

# थाना खेरागढ़ का वार्षिक निरीक्षण: कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया मयूर खान



**आगरा।** आगरा जनपद के थाना खेरागढ़ में प्रभारी पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) आदित्य कुमार द्वारा वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य थाना स्तर पर कार्यप्रणाली की समीक्षा करना तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना था। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त, खेरागढ़ भी उपस्थित रहीं और निरीक्षण प्रक्रिया में सहभागिता की।

निरीक्षण के अंतर्गत थाना के विभिन्न महत्वपूर्ण भागों जैसे अभिलेखों का संधारण, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात तथा थाना परिसर की व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया।

प्रभारी पुलिस उपायुक्त ने इन सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए, ताकि कार्य में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित की जा सके।

विशेष रूप से लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को समयबद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रभावी अपराध नियंत्रण के लिए सतर्कता बढ़ाने और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर भी बल दिया गया।

महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संबंधित व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि महिलाओं से संबंधित शिकायतों का संवेदनशीलता और तत्परता के साथ समाधान किया जाए, जिससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हो। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई की गुणवत्ता सुधारने पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही गई।

उन्होंने निर्देशित किया कि थाने पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए और उसका निष्पक्ष एवं शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।

इस वार्षिक निरीक्षण के माध्यम से थाना खेरागढ़ की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है।

## पीआरवी ने मारपीट / विवाद में घायल 01 बालिका को भेजवाया अस्पताल

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** थाना दुधारा क्षेत्रांतर्गत गजौली शेख से कालर असगर अली ने मारपीट विवाद में घायल 01 बालिका महरा खातून पुत्री यार मोहम्मद सा0 गजौली शेख थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों आ0 कन्हैयालाल, हो0चा0 वीरेन्द्र चौधरी ने त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँचकर मारपीट विवाद में घायल बालिका को 108 एम्बुलेंस की सहायता से ईलाज हेतु सीएचसी सेमरियावां भेजवाया गया।

## तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से 2 वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल, चालक फरार

**मथुरा(वेलकम इंडिया)।** एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 2 साल के नन्हे बच्चे की जिंदगी संकट में पड़ गई है। शुक्रवार सुबह गोवर्धन थाना क्षेत्र के गांव सकरवा में यह हादसा हुआ। बच्चा घर के बाहर सड़क किनारे खड़ा था, तभी गोवर्धन की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। दो बर्षीय सिद्धार्थ पुत्र सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल भरतपुर ले जाया, जहां से हालत बिगड़ने पर आगरा रेफर किया गया। आगरा में सुधार न होने पर बच्चे को दिल्ली के एक बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के तुरंत बाद पिकअप चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। बच्चे के चाचा राम बघेल ने थाना गोवर्धन में लिखित शिकायत दी है। सीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपी की तलाश की जा रही है। परिवार अब न्याय और जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहा है। नन्हे सिद्धार्थ की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

# प्रोजेक्ट उड़ान ग्रामीण महिला उद्यमिता की नई उड़ान का उत्सव

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा




**हापुड़।** हापुड़ जनपद में कनेक्टिंग ड्रीम्स फाउंडेशन (CDF) के द्वारा, इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के सहयोग से संचालित प्रोजेक्ट उड़ान के अंतर्गत आज एक भव्य उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हापुड़ जिले और मुरादनगर की ग्रामीण महिला उद्यमियों की एक वर्ष की परिवर्तनकारी यात्रा का उत्सव था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक पांडेय जी (जिलाधिकारी) एव हिमांशु गौतम जी (मुख्य विकास अधिकारी)- हापुड़ जिला उपस्थित रहे। उन्होंने महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए इस पहल को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्य अधिकारियों ने प्रोत्साहन देते हुए कहा कि प्रोजेक्ट उड़ान जैसे कार्यक्रम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, विशेष रूप से महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने में। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रयास स्थानीय स्तर पर सूक्ष्म उद्यमों को सशक्त बनाकर उन्हें स्थायी आजीविका के अवसरों में परिवर्तित कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन इस प्रकार की पहों को निरंतर समर्थन देता रहेगा, जिससे ग्रामीण उद्यमों को व्यापक बाजार से जोड़कर उनके विस्तार को गति दी जा सके।कार्यक्रम को दो चरणों में संचालित किया गया।पहले चरण में व्यवसाय की बुनियाद को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण, ब्रांडिंग, खाद्य सुरक्षा अनुपालन और पंजीकरण पर कार्य किया गया।दूसरे चरण में महिलाओं को बाजार से जोड़ने, डिजिटल प्लेटफॉर्म (जैसे WhatsApp Business) से जोड़ने, प्रदर्शनी अवसर प्रदान करने तथा निरंतर मार्गदर्शन के लिए हेल्प डेस्क और पीयर नेटवर्क विकसित किए गए।

पिछले एक वर्ष में हापुड़ जिले और मुरादनगर से 50+ स्वयं सहायता समूहों की 400 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप 80+ महिला नेतृत्व वाले उद्यम स्थापित हुए और 200 महिलाएं सक्रिय रूप से इन उद्यमों से जुडीं। कार्यक्रम के दौरान दो महत्वपूर्ण पहल्लों का शुभारंभ भी किया गया।₹उडान उद्यमिता की ओर एक कदम' टूलकिट लॉन्च यह एक प्रैक्टिकल गाइड है, जिसमें 12 मॉड्यूल शामिल हैं। इसे ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए सरल भाषा और चित्रों के माध्यम से व्यवसाय के हर पहलू को समझाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। 'उद्योग सहेली' ऐप लॉन्च Udyog Saheli एक AI-powered platform है जो खास तौर पर ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए बनाया गया है। यह voice-based है, हिंदी में काम करता है. और business से जुड़ी हर जरूरी जानकारी एक ही जगह पर उपलब्ध कराता है।यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उन महिलाओं की मेहनत, आत्मविश्वास और बदलाव की कहानी का उत्सव था, जिन्होंने अपने सपनों को उद्यम में बदला।कनेक्टिंग ड्रीम्स फाउंडेशन (CDF) के बारे में कनेक्टिंग ड्रीम्स फाउंडेशन एक सामाजिक संगठन है,जो जमीनी स्तर पर नेतृत्व विकास और सामुदायिक सशक्तिकरण पर कार्य करता है। इसी दृष्टि के तहत प्रोजेक्ट उड़ान की शुरूआत की गई। यह एक 360-डिग्री ग्रामीण उद्यम विकास कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूह (SHG) से जुडी महिलाओं को उद्यमी बनाकर उन्हें स्थानीय अर्थव्यवस्था से जोड़ना है।

# मुख्यमंत्री योगी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं केंद्र भवनों एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनों का लोकार्पण किया गया

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 69,804 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों/मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन का वितरण, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को 02 लाख + ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस का वितरण, 18,440 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं रूपए 450 करोड़ की लागत से 3,170 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों एवं 140 बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनों का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया।

उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी , विधायक धनघटा गणेश चंद्र चौहान, जिलाधिकारी आलोक कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी सहित उपस्थित नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं व लाभार्थियों द्वारा देखा व सुना गया।



इस अवसर पर विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी ने नव चयनित 344 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत जनपद में आंगनबाड़ी सहायिकाओं की नियुक्ति की गयी। उन्होंने निष्पक्ष रूप से जनपद में नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती पर एवं उन्हें रोजगार का अवसर मिलने पर मुख्यमंत्री को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि नव चयनित आंगनवाड़ी सहायिकाओं के माध्यम से गर्भवती माताओं को उनके स्वास्थ्य संबंधी देखरेख में सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी प्रदेश के हर परिवार के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पालन पोषण का निरंतर ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश एवं प्रदेश में किसी भी नियुक्ति अथवा भर्ती प्रक्रिया में कोई पक्षपात नहीं है, संपूर्ण प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी एवं निष्पक्ष है। सरकार पूरी तरह से सबका साथ-सबका विकास की भावना से कार्य कर रही है, हर व्यक्ति को उसकी क्षमता एवं योग्यता के अनुसार लाभ सरकार द्वारा दिया जा रहा है। विधायक धनघटा ने जनपद की सभी नव चयनित आंगनवाड़ी सहायिकाओं को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार प्रदेश के समस्त महिलाओं, बालिकाओं के बारे में रोजगार सहित अन्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को लागू करके उनका जीवन स्तर उत्कृष्ट बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज किसी भी भर्ती प्रक्रिया में निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था का श्रेय मुख्यमंत्री जी की कुशल नेतृत्व शैली को जाता है, आज भर्ती प्रक्रिया से लेकर समस्त योजनाओं का सीधा लाभ बिना किसी बिचौलियों के माध्यम से लाभार्थी तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार साफ नियति से प्रदेश के समस्त बेरोजगार नौजवानों, महिलाओं, बालिकाओं को लाभ देकर उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रही है।

जिलाधिकारी आलोक कुमार ने सभी नव चयनित आंगनवाड़ी सहायिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी लोग शासन के निर्देशानुसार लगन एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक खलीलाबाद, विधायक धनघटा व जिलाधिकारी द्वारा बाल विकास परियोजना कार्यालय भवन पौली का शिलान्यास के साथ-साथ 05 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सत्येंद्र सिंह, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित अधिकारी एवं नव चयनित आंगनवाड़ी सहायिकाएं आदि उपस्थित रहीं।

## वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले अक्षय गुर्जर का सम्मान

**वेलकम इंडिया मोहसिन रहमानी**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी अक्षय गुर्जर ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स गेम्स 2026, नई दिल्ली में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र और जनपद का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अक्षय गुर्जर की इस शानदार सफलता पर पूर्व मंत्री भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह उनके आवास पर पहुंचे और उन्हें सम्मानित किया।

मंत्री ने अक्षय गुर्जर को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए 51 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी भेंट की।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने कहा कि अक्षय गुर्जर की मेहनत, लगन और संघर्ष युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद अक्षय ने जिस प्रकार अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है, वह सराहनीय है।

गांव में भी अक्षय की इस उपलब्धि को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मखमूलपुर में किसान पंचायत का आयोजन, स्मार्ट मीटर के विरोध में उठी आवाज

### किसान नेता गौरव टिकैत का पगड़ी पहनाकर स्वागत, जैविक खेती अपनाने का किया आह्वान





**वेलकम इंडिया मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव मखमूलपुर मे किसान पंचायत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के किसानों, ग्रामीणों तथा विभिन्न पदाधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान किसानों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे किसान नेता गौरव टिकैत का ग्रामवासियों ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में किसानों को एकजुट रहकर अपने अधिकारों की रक्षा करनी होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का रवैया तानाशाहीपूर्ण होता जा रहा है।

किसान नेता राकेश टिकैत की उड़ीसा में गिरफ्तारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार किसानों की आवाज से घबराई हुई है। पंचायत के दौरान स्मार्ट मीटर लगाने के मुद्दे पर भी किसानों ने कड़ा विरोध जताया। वक्ताओं ने कहा कि यह व्यवस्था किसानों और आम उपभोक्ताओं के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। इसके अलावा किसानों को रासायनिक खेती से दूर रहकर जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे और किसानों की लागत भी कम हो सके।कार्यक्रम मे सम्मान समारोह व सक्रिय किसानों तथा संगठन के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

पंचायत में संगठन की सदस्यता अभियान के तहत कई लोगों को सदस्यता भी दिलाई गई।इस दौरान मेनपाल चौहान, शांता प्रधान, विनय राठी, ब्रह्मपाल नाला, रहीस पठान, विकास चौहान, गय्यूर हसन, मेहरदीन, मिंटू सैनी, इंतजार, सहित सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक पर सवार तीन लोग घायल



**वेलकम इंडिया मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित गांव जसाला बस स्टैंड के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया. चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया और दो घायलों को छुट्टी दे दी। कस्बा निवासी रहीस शादी व पार्टियों में खाना बनाने का कार्य करता है। सोमवार को अपने पुत्र आमिर भाई सलीम के साथ शामली स्थित एक शादी समारोह में खाना बनाने के लिए गया हुआ था। और अपना कार्य समाप्त कर तीनो लोग बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर आ रहे थे जैसे ही बाइक सवार थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड गाव जसाला के समीप पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया जिस कारण बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिर कर घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर सुनकर मौके पर दर्जनों राहगीर भी जमा हो गए। और हादसे की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी मौके पर 108 एंबुलेंस के कर्मचारी पहुंचे और तीनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सलीम की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया और बाकी दो घायलों को छुट्टी दे दी।

# सिद्धार्थनगर पुलिस ने लौटाए चेहरों पर मुस्कान, 83 लोगों को मिले उनके खोये मोबाइल







**वेलकम इण्डिया/असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** अपने खोए हुए कीमती मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ चुके 83 लोगों के लिए सोमवार का दिन खुशियां लेकर आया। जनपदीय सर्विलांस सेल और विभिन्न थानों की टीम ने अथक प्रयास कर करीब 12 लाख 10 हजार रुपये कीमत के 83 एंड्रायड मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में इन मोबाइल सेटों को उनके वास्तविक स्वामियों के सुपुर्द किया। जनपद के अलग-अलग क्षेत्रों से मोबाइल गिरने या गुम होने की शिकायतें पुलिस को मिली थीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने सर्विलांस टीम को बरामदगी के निर्देश दिए थे।

सर्विलांस सेल और थानों पर तैनात सीईआईआर (CEIR) पोर्टल के कर्मचारियों ने तकनीकी विश्लेषण की मदद से इन फोनों को खोज निकाला। पुलिस कार्यालय में जब मोबाइल धारकों को उनके फोन वापस मिले, तो उनके चेहरे खिल उठे। कई लोगों ने कहा कि उन्हें यकीन ही नहीं था कि भीड़भाड़ वाले इलाकों में गुम हुआ फोन कभी वापस मिल पाएगा। एसपी ने लोगों को अपना सामान सुरक्षित रखने की सलाह देते हुए पुलिस टीम की पीठ थपथपाई। मोबाइल स्वामियों ने इस कार्य के लिए सिद्धार्थनगर पुलिस का हृदय से आभार जताया है। इस सफलता में सर्विलांस सेल प्रभारी उ.नि. हरेन्द्र चौहान, एंटीथेफ्ट टीम प्रभारी उ.नि. ओमप्रकाश मिश्र, मुख्य आरक्षी जनार्दन प्रजापति, विवेक कुमार मिश्रा, पुष्पेंद्र, आरक्षी अभिनंदन सिंह और संजीव कुमार गोयल की मुख्य भूमिका रही।

## गली में बेहोशी की हालत में मिला युवक, मचा हड़कंप



**वेलकम इंडिया मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में एक युवक गली में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला, जिसे देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।

लोगों ने युवक को उठाकर देखा, लेकिन उसके शरीर में कोई हरकत नहीं होने पर तुरंत डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार युवक की जेब से मिले कागजातों के आधार पर उसकी पहचान जितेंद्र निवासी गांव हेवा, जिला बागपत के रूप में हुई है।

पुलिस ने युवक के परिजनों को मामले की सूचना दे दी है। फिलहाल युवक के बेहोश होने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विकास की नई राह पर आंगनबाड़ी, 141 सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र

**वेलकम इण्डिया/असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ के लोक भवन से प्रदेशव्यापी आंगनबाड़ी सुदृढ़ीकरण अभियान का आगाज किया। जनपद मुख्यालय स्थित अंबेडकर सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के दौरान जिले की 141 नव-नियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। साथ ही जनपद में करोड़ों की लागत वाले आंगनबाड़ी केंद्रों और गोदामों का लोकार्पण व शिलान्यास भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री व इटवा के पूर्व विधायक डॉ. सतीश द्विवेदी ने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में बीते नौ वर्षों में महिला व बाल कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आए हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन से लैस कर तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा रहा है, ताकि योजनाओं का लाभ सीधे पात्रों तक पहुंच सके। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर बच्चे को उसके घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा देना है। इसी कड़ी में जनपद में 45 नए आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का लोकार्पण, 3 केंद्रों का शिलान्यास और 5 बाल विकास परियोजना कार्यालय सह गोदाम की आधारशिला रखी गई है। उन्होंने नवनियुक्त सहायिकाओं से बच्चों के सर्वांगीण विकास और पुष्टाहार वितरण में पारदर्शिता बरतने की अपील की। सांसद प्रतिनिधि एस.पी. अग्रवाल ने भी सरकार की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की सराहना की। इससे पूर्व, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सीडीओ बलराम सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। नवनियुक्त सहायिकाओं के चेहरों पर नियुक्ति पत्र पाकर खुशी साफ झलक रही थी।

## मंडलायुक्त/रोल प्रेक्षक का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा के दृष्टिगत जनपद में तृतीय भ्रमण कार्यक्रम दिनांक 02 अप्रैल 2026 को

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** अपर जिलाधिकारी(वि/रा)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयप्रकाश ने बताया है कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम कें क्रम में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त मा0 रोल प्रेक्षक/आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश सिंह का जनपद-संत कबीर नगर में तृतीय भ्रमण कार्यक्रम दिनांक 02 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को निर्धारित है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मा0 रोल प्रेक्षक आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती द्वारा दिनांक 02 अप्रैल 2026 (गुरुवार) को दोपहर 12.00 बजे से अपरान्ह 01.00 बजे तक जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई है।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरपुरवा में वार्षिकोत्सव व परीक्षा फल वितरण समारोह सम्पन्न

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** विकासखंड खलीलाबाद क्षेत्र के अंतर्गत स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरपुरवा में सोमवार को वार्षिकोत्सव व परीक्षा फल वितरण समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अख्तर आलम द्वारा की गई।कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया, जिससे उपस्थित अभिभावक एवं ग्रामवासी अत्यंत प्रभावित रहे। प्रभारी प्रधानाध्यापक अख्तर आलम ने कहा बताया कि समारोह में विद्यालय के मेधावी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।इसके साथ ही सभी विद्यार्थियों को पेन वितरित किए गये, जिससे उनमें शिक्षा के प्रति और अधिक उत्साह उत्पन्न हो। कार्यक्रम



के अंत में सभी बच्चों को मिष्ठान वितरण कर खुशी का माहौल और भी उल्लासपूर्ण बना दिया गया। बच्चों को सम्बोधित करते हुये कहा कि विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें और उनकी शिक्षा में सहयोग करें। यह विद्यालय उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित है तथा खंड शिक्षा अधिकारी खलीलाबाद के निर्देशन एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह के मार्गदर्शन में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर सहायक अध्यापक शमशेर बहादुर,सहायक अध्यापक इजहार अहमद के अलावा शाहिद अली,अबरार खान के अलावा बड़ी संख्या में अभिभावक, ग्रामवासी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सुश्री शालिनी सिंह को कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग का प्रदेश चेयरमैन बनने पर जनपद में खुशी की लहर

**संतकबीरनगर(वेलकम इण्डिया)।** कांग्रेस नेतृत्व ने सुश्री शालिनी सिंह को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी( सोशल मीडिया विभाग) का प्रदेश चेयरमैन नियुक्त किया है। जिससे जनपद में कांग्रेसजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय, हाजी मोहम्मद नजीर, सुनील पाण्डेय, अरुण पाण्डेय, नीलम चतुर्वेदी, शान्ति देवी, रियाज अहमद, सतीश साहनी, , डॉ. अखिलेश शर्मा, मोईन अंसारी, राजेन्द्र चतुर्वेदी, मो. अकरम नजीर, निसार अहमद, मु. परवेज अख्तर( जिलाध्यक्ष सोशल मीडिया विभाग), मुहम्मद तव्वाब, सत्या त्रिपाठी( जिला उपाध्यक्ष सोशल मीडिया) , सचिन कुमार( विधानसभा को आर्डिनेटर) मेहदावल, रजनीश कुमार सैनी, अमित कुमार सिंह, मुकेश भारती, संतोष यादव, प्रयाग दत्त मिश्रा, शशिलता पाण्डेय, अर्पण श्रीवास्तव, देवदत्त मणि त्रिपाठी, ध्रुव कन्नौजिया, दिग्विजय नाथ दूबे, चन्द्रकान्त मणि पाण्डेय, एडवोकेट मो. सलीम, महेन्द्र कुमार, सचिन कुमार, अतीक अहमद, सच्चिदानंद यादव, विकास राज, विजय पाण्डेय, बलवंत निषाद,महेन्द्र, दुर्गेश सोनी, मोहन आदि ने बधाई देते हुए खुशी का इजहार किये हैं।

## हादसे में युवक की दर्दनाक मौत,परिजनों में मचा कोहराम

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इण्डिया)।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार किया गया गया।थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी 35 वर्षीय सतेंद्र किसी जरूरी कार्य से जनपद बागपत के गाव तिलवाड़ा गांव गया हुआ था। बताया जा रहा है कि कार्य पूरा करने के बाद वह वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान जब वह जनपद बागपत के गाव लूम गांव के समीप पहुंचा तो रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सतेंद्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**वेलकम इण्डिया/असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** मिशन शक्ति फेज 5 द्वितीय चरण अभियान के अंतर्गत थाना उसका बाजार पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र के ग्राम तेतरी बुजुर्ग में महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सशक्तिकरण और जागरूकता से जुड़े विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। अभियान के तहत पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति कार्यक्रम, एंटी रोमियो अभियान, साइबर अपराध से बचाव तथा नए कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 के स्टीकर भी सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किए गए, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक



जागरूकता का संदेश पहुंच सके। कार्यक्रम में महिलाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में वे नजदीकी थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र में अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इसके अलावा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 1090 (वुमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (पुलिस हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 101 (अग्निशमन) तथा 1930 (साइबर हेल्पलाइन) शामिल हैं। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए अनजान कॉल, फर्जी लिंक और ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी। साथ ही बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान उपनिरीक्षक जयप्रकाश पांडे, हेड कांस्टेबल अनिल चौहान एवं महिला कांस्टेबल कालिंदी यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# अपर गन्ना आयुक्त ने किया बीज प्लॉट का निरीक्षण, उन्नत खेती के लिए किसानों को सराहा

वेलकम इंडिया संवाददाता



**जहांगीराबाद।** गन्ने की खेती में आधुनिक तकनीकों और उन्नत बीज किस्मों को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन सक्रिय है। इसी क्रम में अपर गन्ना आयुक्त (समितियां) एवं मेरठ मंडल के नोडल अधिकारी डॉ. वी.बी. सिंह ने क्षेत्र के गांव टिटौटा का दौरा किया। उन्होंने प्रगतिशील किसान दयानंद के खेत पर पहुँचकर सीओ-0118 (उद्ध-0118) प्रजाति के आरक्षित गन्ना बीज प्लॉट का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. सिंह की मौजूदगी में किसान दयानंद द्वारा आरक्षित किए गए कुल 500 क्विंटल बीज में से 12 स्थानीय किसानों को बीज वितरित किया गया। मुख्य बातें 400 क्विंटल बीज अन्य किसानों को दिया गया, जबकि शेष 100 क्विंटल बीज दयानंद ने स्वयं के खेत की बुवाई हेतु उपयोग किया।

नोडल अधिकारी ने पाया कि बुवाई के लिए गन्ने की दो आंखों के टुकड़ों का प्रयोग किया जा रहा है। बुवाई से पूर्व बीज को कार्बेन्डाजिम और थायोमैक्स के घोल से उपचारित किया जा रहा है, ताकि फसल को रोगों से बचाया जा सके। डॉ. सिंह ने इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की। वहीं गन्ना पर्यवेक्षक उपेंद्र सिंह ने बताया कि गांव टिटौटा में बीज वितरण का कार्य अत्यंत संतोषजनक है। क्षेत्रीय किसानों ने बताया कि अनूपशहर क्षेत्र में 60 प्रतिशत गन्ना बुवाई हो चुकी है, शेष गेहूं कटाई के बाद होगी। गन्ना पर्यवेक्षक उपेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि ग्राम टिटौटा में विजेंद्र सिंह की कोशा 13235 आधार पौधशाला तथा बीना शर्मा व प्रवीण शर्मा की प्राथमिक पौधशालाओं से शत-प्रतिशत बीज वितरण हो चुका है। पिछले वर्ष 60 हेक्टेयर पौधा गन्ना था, इस वर्ष अनुमान 75 हेक्टेयर का है। निरीक्षण के दौरान डॉ. के.के. शर्मा, योगेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह और महावीर प्रसाद सहित संजय सिंह, सोनू सिंह, कालीचरण, विनोद कुमार, प्रमोद गिरी, अरविंद गिरि एवं क्षेत्र के सैकड़ों किसान मौजूद रहे। अधिकारियों ने किसानों को अधिक पैदावार के लिए नई प्रजातियों को अपनाने और समय पर उपचार करने हेतु प्रेरित किया।

# नवागत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा ने खुर्जा नगर कोतवाली का संभाला कार्यभार

वेलकम इंडिया संवाददाता




**बुलंदशहर।** बुलंदशहर जनपद में एसएसपी दिनेश कुमार सिंह द्वारा रविवार शाम को चलाई गई तबादला एक्सप्रेस में अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा को खुर्जा नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का सौंपा दायित्व। वहीं सोमवार सुबह को नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा ने खुर्जा नगर कोतवाली का संभाला कार्यभार उसके बाद कोतवाली पुलिस स्टाफ के साथ की परिचय बैठक। इंस्पेक्टर प्रेमचंद शर्मा जनपद में कई कोतवाली और थाने तथा जनपद की ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था का चार्ज संभाल चुके हैं।इंस्पेक्टर प्रेमचंद शर्मा का आम जनता में व्यवहार मिलनसार मृदुल भाषी है पीड़ित की बात को प्रेम पूर्वक सुनकर समाधान करते हैं प्रेमचंद शर्मा लेकिन अपराधी के खिलाफ सख्त रवैया है उनका। वही खुर्जा कोतवाली का चार्ज संभालते ही नवागत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा ने अपराधियों को दिया सख्त पैगाम साथ ही कहा है कि अपराधी अपराध छोड़े या कोतवाली क्षेत्र किसी भी कीमत पर गैर कानूनी कार्य क्षेत्र में नहीं होंगे बर्दाश्त। फरियादियों के लिए कोतवाली के 24 घंटे दरवाजे खुले हैं। खुर्जा कोतवाली नगर पुलिस जनता की सेवा में रहेगी तत्पर। अब खुर्जा पुलिस अपराधियों के साथ सख्ती से निपटेगी और पीड़ित की समस्या सुनकर निदान करने का हर संभव प्रयास करेगी।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर रानऊ में भव्य ब्राह्मण सम्मेलन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**शिकारपुर।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार को विधानसभा शिकारपुर के गांव रानऊ स्थित अवंतिका बैंक्वेट एंड रिसोर्ट में शिकारपुर विधायक अनिल शर्मा द्वारा समस्त ब्राह्मण समाज के सहयोग से भव्य ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिकारपुर विधानसभा समेत जनपद की विभिन्न विधानसभाओं से हजारों की संख्या में विप्र बंधुओं ने सहभागिता कर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। शिकारपुर के बदायूं हाईवे पर गांव रानऊ स्थित अवंतिका बैंक्वेट एंड रिसोर्ट में परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित ब्राह्मण सम्मेलन का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन-पूजन के साथ हुआ, जिससे वातावरण पूरी तरह धार्मिक और आध्यात्मिक हो गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक एवं आयोजक अनिल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को आत्मसात करते हुए सर्वसमाज के हित में कार्य करता आया है।

उन्होंने यूजीसी से जुड़े विषयों पर अपनी राय रखते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ब्राह्मण एवं सवर्ण समाज के बच्चों के हितों की रक्षा के लिए विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता कुश शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज किसी का विरोधी नहीं है, बल्कि अपने अधिकारों के प्रति सजग और संघर्षशील है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकारों के निर्माण में ब्राह्मण एवं सवर्ण समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसे स्मरण रखना आवश्यक है। साथ ही वर्ष 2027 को देखते हुए सर्वसमाज के बीच विश्वास को और मजबूत करने की आवश्यकता बताई।

ब्राह्मण सम्मेलन की अध्यक्षता शिव चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज ने की। इस मौके पर अजय त्यागी, राकेश पाठक, मनोज शर्मा खेड़िया, ललित शर्मा, श्रीओम शर्मा जयरामपुर, सुरेश चंद, नरेश चंद, महेंद्र शर्मा, राजेश, सुशील कुमार शर्मा, शिव नारायण शर्मा, डीके शर्मा, हर्षवर्धन शर्मा, युधिष्ठिर शर्मा, राजेश्वर सिंह सहित हजारों ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

# शाहजहाँपुर नगर पंचायत में नव-नामित सभासदों ने ली शपथ



वेलकम इंडिया जाकिर तुर्क

**मेरठ।** नगर पंचायत शाहजहाँपुर में सोमवार को नव-नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संजू अग्रवाल, विनोद अहेरिया और अमित सैनी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते हुए नगर के विकास, पारदर्शिता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने नव-नामित सदस्यों से जन अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। समारोह में पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी, चेयरमैन वसी उर्रहमान खां सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर डॉ. यूसुफ, बबलू अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, रवि अग्रवाल, मौ. फैजी खान, अंकित भडौली, विक्रांत त्यागी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा सभासद गण विकास कुमार, संजय, लईक कुरेशी, शादाब कुरैशी, इसरार अहमद, बिल्लू कुमार, सुभाष, कासिम मालिक, जाहिद अंसारी आदि भी उपस्थित रहे।

# रॉलेट एक्ट विरोध के बलिदानियों को श्रद्धांजलि, स्वामी श्रद्धानन्द के आदर्शों पर चलने का आह्वान: जय भगवान गोयल

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**नई दिल्ली।** टाउन हॉल, चांदनी चौक में 30 मार्च 1919 को अंग्रेजों द्वारा लागू काले कानून रॉलेट एक्ट के विरोध में बलिदान देने वाले वीरों की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आर्य समाज के प्रमुख नेता स्वामी श्रद्धानन्द के नेतृत्व में हुए ऐतिहासिक आंदोलन को याद करते हुए उनके साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को नमन किया गया। कार्यक्रम में यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रवादी शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान गोयल ने कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द ने समाज को एकजुट करने और उसे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया, जो आज भी अत्यंत प्रासंगिक है।

उन्होंने समाज में जागरूकता, एकता और मूल मूल्यों के प्रति समर्पण को मजबूत करने पर जोर दिया।उन्होंने यह भी कहा कि संगठन समाजहित में विभिन्न जागरूकता अभियानों को आगे बढ़ाता रहेगा और लोगों को अपनी सांस्कृतिक विरासत एवं परंपराओं के प्रति जागरूक करेगा।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्वामी श्रद्धानन्द की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर ईश्वर पाल सिंह (राष्ट्रीय सचिव, यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट), धर्मेन्द्र बेदी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष), अवध कुमार (संगठन महामंत्री), शंकर लाल अग्रवाल (प्रचार मंत्री, दिल्ली प्रदेश), विपिन कुमार सिंह (जिलाध्यक्ष, चांदनी चौक), मुकेश गुप्ता, कृष्णा (मंडल अध्यक्ष, यमुना विहार) सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसएसपी द्वारा विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में व्यापारियों की सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों, सरार्फा व्यापारी एसोसिएशन व व्यापार मंडल एवं औद्योगिक संगठन के पदाधिकारियों के साथ सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक आयोजित की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक में उपस्थित सभी व्यापारियों की समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के समाधान हेतु आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद, क्षेत्राधिकारी नगर प्रखर पाण्डेय एवं यातायात निरीक्षक राजपाल सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# पीएम श्री रिवाड़ा में हुआ परीक्षा फल वितरण समारोह

वेलकम इंडिया संवाददाता







**शिकारपुर।** परिषदीय विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा के पश्चात आज परीक्षा फल घोषित किया गया। इसी क्रम में शिकारपुर क्षेत्र के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय रिवाड़ा में परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक डॉ मनमोहन रोहिला ने बताया कि कक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को ट्राफी तथा पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। पुरस्कार पाने वालों में अरसान मनु अलीशा गुंजन संध्या गौरी लकी अलशिफा हेमलता अर्चित प्रिया शैलिका आयुष जुनैद असित सिम्मी हारून निशा ईरम समद अल्तिसा जोया रचित तथा सुमैया आदि बच्चे शामिल रहे। इसके अतिरिक्त अरसान तथा मनु को विद्यालय के प्रति निष्ठावान होने के कारण विशेष पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष नवाबुद्दीन सैफी ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे ही बेहतर प्रदर्शन करने की सलाह दी। एआरपी विज्ञान इम्तियाज आलम ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। क्लास साथी संयोजक केशव कुमार ने बच्चों तथा अभिभावकों को टैग हाईव के द्वारा संचालित क्लास साथी प्रोजेक्ट की विशेषता के संबंध में जानकारी दी।कार्यक्रम के सफल आयोजन में भीम प्रकाश पूनम रानी अमृता विनीता चेतन प्रकाश विशाल कुमार निशा, सुषमा प्रतिभा संतोष कविता तथा ज्योति शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# निधि ने गृह परीक्षा में मारी बाजी



वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर।** रावत पब्लिक इंटर कॉलेज ने सोमवार को गृह परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें कक्षा एक से निधि में 99.07 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि कक्षा दो से यश ने 97.93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि कक्षा तीन से यशु ने 97. 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहा। विद्यालय के अध्यक्ष राजकुमार रावत, प्रबंधक सुनील रावत, प्रधानाचार्य चोब सिंह और परीक्षा इंचार्ज मुनेश कुमार ने सामूहिक रूप से विद्यालय में श्रेष्ठ आने वाले छात्र एवं छात्राओं को दीघार्यु का आशीर्वाद देते हुए जीवन में खुशियों की बधाई दी। परीक्षा में शामिल सभी छात्र-छात्राओं में से सोनी, अंजलि, सोनिया, नेहा, वंशिका, गुड्डी, दीपांशी, भूमि, तनु, निधि, कोमल, लव, कुश, हिमांशी, खुशी चौधरी, निशु, देव चौधरी, देव कुमार, विकास, मीनाक्षी तथा मानवी भी अव्वल स्थान पर रहे।

# टेंपो और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार दो युवकों की हुई दर्दनाक मौत

वेलकम इंडिया संवाददाता





**अहमदगढ़।** थाना अहमदगढ़ क्षेत्र के मेरठ बदायूं हाईवे पर गांव रहमापुर गेट के पास बाइक सवार दो युवकों की टेंपो की टक्कर से मौके पर हुई दर्दनाक मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह को समय करीब 8:00 बजे अब्दुल कलीम और उसका भाई आसीम पुत्र अख्तर अली निवासी बम्हेनी चौकी जिला शाहजहांपुर अपनी बाइक से नोएडा ड्यूटी पर जा रहे थे तभी मेरठ बदायूं मार्ग पर अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रहमापुर गेट पर शिकारपुर की तरफ से आ रहे टेंपो ने टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के पर परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई एक्सीडेंट की सूचना थाना अहमदगढ़ पुलिस को दी गई अहमदगढ़ थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# यमुनापुरम की बेटी का परचम, यूपी पीसीएस में 36वीं रैंक से बढ़ाया जिले का गौरव



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** जनपद के यमुनापुरम निवासी प्राची ने यूपी पीसीएस परीक्षा 2024 में 36वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है और लोग उन्हें बधाई व शुभकामनाएँ दे रहे हैं। प्राची के पिता विनय कुमार उत्तर प्रदेश पुलिस में इंस्पेक्टर हैं और वर्तमान में मुरादाबाद में तैनात हैं। मूल रूप से बुलंदशहर की रहने वाली प्राची ने बताया कि उन्होंने इससे पहले चार सरकारी नौकरियां छोड़ दी थीं और वर्तमान में दिल्ली स्थित पंजाब नेशनल बैंक की सीडीपीसी शाखा में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। प्राची ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, पति और सास-ससुर को दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी सात वर्ष की एक बेटी है। परीक्षा की तैयारी के दौरान उनके सास-ससुर ने बच्ची की देखभाल कर उनका पूरा सहयोग किया, जिससे उन्हें पढ़ाई के लिए पर्याप्त समय मिल सका। प्राची के पति अश्वनी वर्मा भी दिल्ली में पंजाब नेशनल बैंक में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। प्राची की इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोग लगातार उन्हें शुभकामनाएँ दे रहे हैं।

# 'गूंज-2026' में प्रतिभा का महासंगम, जेएमएसआईटी कॉलेज दो दिनों तक रहा उत्सवमय

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ



**हापुड़।** हापुड़/एनसीआर मसूरी स्थित जेएमएसआईटी कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक तकनीकी एवं सांस्कृतिक महोत्सव ह्यगूंज-2026ह्न उत्साह, ऊर्जा और प्रतिभा के अद्भुत संगम के साथ संपन्न हुआ। रंगारंग प्रस्तुतियों से सजे इस भव्य आयोजन ने पूरे परिसर को उत्सवमय बना दिया और विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया।दो दिनों तक चले इस महोत्सव में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, नाटक, हास्य प्रस्तुति, कलाकृति और फैशन शो के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों की आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों, सशक्त अभिनय और आकर्षक परिधान संयोजन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

महोत्सव के अंतर्गत कलाकृति, प्रश्नोत्तरी, हैकाथॉन, परियोजना प्रदर्शनी, व्यापार मेला, वाद-विवाद, ऑनलाइन गेम, रील मेकिंग और चित्रकला जैसी कुल 24 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा तैयार उत्पादों, फूड स्टॉल्स और गेम स्टॉल्स ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनाया। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों में उद्यमिता की भावना को भी बढ़ावा मिला।कार्यक्रम में संस्था के चार प्रमुख क्लब मैनेजमेंट क्लब, टेक्निकल क्लब, कंप्यूटर एप्लीकेशन क्लब एवं मेडिकल क्लब ने भाग लिया। प्रथम दिन तकनीकी, बौद्धिक और बिजनेस मॉडल से संबंधित प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जबकि दूसरे दिन कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन हुआ।

प्रतियोगिता के परिणामों में मैनेजमेंट क्लब ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 21,000 की पुरस्कार राशि जीती। टेक्निकल क्लब को द्वितीय स्थान के साथ 11,000 प्रदान किए गए। कंप्यूटर एप्लीकेशन क्लब ने तृतीय तथा मेडिकल क्लब ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर 5,000-5,000 की पुरस्कार राशि अर्जित की।

# डी.जी.आर. ग्रुप ऑफ एजुकेशन में वार्षिक परिणाम समारोह का आयोजन

अनिल वशिष्ठ




**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** डी.जी.आर. ग्रुप ऑफ एजुकेशन (डी.जी.आर. सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, पतला एवं डी.जी.आर. किड्स प्राइड, निवाड़ी रोड) में ग्रेजुएशन सेरेमनी एवं वार्षिक परिणाम समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सोनल चौधरी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा 'बच्चों का समग्र विकास विद्यालय और परिवार के संयुक्त प्रयासों से ही संभव है। हमें उन्हें केवल अंक प्राप्त करने तक सीमित न रखते हुए, उनमें नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं आत्मविश्वास का विकास करना चाहिए। यही उन्हें जीवन में सफलता की ओर अग्रसर करता है।' विद्यालय के प्रबंधक गुलबीर सिंह ने अपने संदेश में कहा 'हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उत्तम संस्कार प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में एक जिम्मेदार और सफल नागरिक बन सकें।' इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ का विशेष सहयोग रहा, जिनमें मुख्य रूप से गुड्डू गुप्ता, पूनम कुमारी (कोऑर्डिनेटर), नीरज शर्मा (कोऑर्डिनेटर), मोनिका सिंह (ढञ्ळ बायोलॉजी), कपिल कुमार, प्राची शर्मा (कोऑर्डिनेटर झ्र प्राइमरी विंग) आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं तथा अभिभावकों के सहयोग एवं विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत, चार घायल

**मोदीनगर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली मेरठ मुख्य मार्ग पर सोमवार दोपहर गांव सीकरी कला के निकट तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उपचार के दौरान ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि ई-रिक्शा में सवार चार लोग घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक दिल्ली मेरठ मुख्य मार्ग पर सोमवार को करीब 12 बजे ई-रिक्शा चालक सवारियों को लेकर मोदीनगर की ओर आ रहा था। गांव सीकरी कलां के निकट अचानक तेज गति से आ रही कार ने नियंत्रण खोते हुए ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई-रिक्शा और उसमें बैठे चार लोग इधर-उधर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल भिजवाया। जहां उपचार के दौरान ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई।

# गैस सिलेंडर आपूर्ति समस्या को लेकर व्यापार मंडल ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** क्षेत्र में एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति में आ रही लगातार समस्याओं को लेकर उद्योग एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित गोयल व वरिष्ठ महामंत्री निर्दोष खटाना के नेतृत्व में पदाधिकारियों एक प्रतिनिधि मंडल उप जिला अधिकारी अजीत कुमार सिंह से मिला और उन्हें गैस सिलेंडर आपूर्ति में आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी देते हुए एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र के दुकानदारों एवं आम नागरिकों को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विशेष रूप से छोटे व्यापारियों, होटल संचालकों एवं मिठाई विक्रेताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कमर्शियल सिलेंडरों की कमी के कारण व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं, वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को भी समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। इससे लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। व्यापार मंडल ने प्रशासन से मांग की है कि गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू किया जाए तथा क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि व्यापारियों और आम जनता को राहत मिल सके।

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर भंडारे का आयोजन



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर तेल मिल गेट, जी.टी रोड़ पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 2625 वें भगवान महावीर जन्म कल्याणक के शुभ अवसर पर सोमवार को जैन यूथ क्लब, मोदीनगर द्वारा 28 वें विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडों श्रद्धालुजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजकों ने भगवान श्री महावीर के सिद्धांतों जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म, श्री शान्तिनाथाय नमः का संदेश दिया। इस मौके पर श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर सोसायटी, मोदीनगर के अध्यक्ष स्वदेश जैन संजय जैन बलवाड़ी पब्लिक स्कूल, विपिन जैन, संजय जैन एडवोकेट, अजय जैन फ्लेक्स वाले, दिनेश जैन सूट वाले नवीन जैन वाले तथा का विशेष सहयोग रहा।

# आंगनबाड़ी सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम: नियुक्ति पत्र, स्मार्टफोन व आधुनिक उपकरणों का वितरण

कपिल चौहान





**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशन में जनपद गाजियाबाद में सोमवार को आंगनबाड़ी सशक्तिकरण से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय भवनों के लोकार्पण के साथ-साथ नए भवनों के निर्माण हेतु शिलान्यास भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नव चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत कार्यकत्रियों को ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस एवं स्मार्टफोन प्रदान किए गए, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की निगरानी अब और अधिक प्रभावी ढंग से की जा सकेगी। वहीं, जनपद में तैनात मुख्य सेविकाओं को भी स्मार्टफोन वितरित किए गए।

इस अवसर पर मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, एडीएम सिटी, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी सेवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करना है। अधिकारियों ने बताया कि आधुनिक उपकरणों के उपयोग से बच्चों के विकास की निगरानी अधिक सटीक और पारदर्शी होगी, जिससे कुपोषण जैसी समस्याओं से निपटने में मदद मिलेगी।

# व्यापारियों की मांग माने जाने पर मिठाईयां खिलाकर बधाइयां दी



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बहुत पुरानी मांग को भारत सरकार ने मान लिया है । उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मोदीनगर अध्यक्ष अमित गोयल ने व्यापारियों के साथ व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर जाकर व्यापारियों को मिठाइ खिलाई। अमित गोयल व वरिष्ठ महामंत्री निर्दोष खटाना ने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने ये एक बड़ा कदम उठाया है। फूड रेगुलेटर ने घोषणा की कि अब उसके रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और लाइसेंस की वैधता आजीवन होगी। इस फैसले के बाद फूड बिजनेस से जुड़े कारोबारियों (एफबीओ) को अब अपने लाइसेंस बार-बार रिन्यू कराने की आवश्यकता नहीं होगी। नियामक बोझ को कम करने के लिए लाइसेंसिंग और रजिस्ट्रेशन की टर्नओवर सीमा में भी अहम बदलाव किए गए हैं। एफएसएसएआई ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से रजिस्ट्रेशन के लिए टर्नओवर की सीमा को 12 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये कर दिया जाएगा।

इस खबर से व्यापारियों में खुशी की लहर छा गई है इससे समय और धन दोनों की बचत होगी। इस मौके पर निर्दोष खटाना, देवराज मित्तल, मधुसूदन शर्मा, दीपक चौधरी , हैप्पी नारंग, मनीष वशिष्ठ, हर्ष कश्यप, संजीव शर्मा, सुबोध जैन, मनीष संगी मनोज कश्यप आदि व्यापारीगण इस मौके पर मौजूद रहे ।

# गाजियाबाद में बदला मौसम का मिजाज: बादलों की चादर, ठंडी हवाएं और रुक-रुक कर बारिश

कपिल चौहान



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** 30 मार्च 2026 को जनपद गाजियाबाद में मौसम ने करवट लेते हुए पूरे दिन बादलों की आवाजाही और हल्की बारिश का दौर जारी रखा। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे, जिससे धूप का असर काफी कम देखने को मिला और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। कई इलाकों में रुक-रुक कर हल्की बारिश (लाइट शावर) हुई, जिससे वातावरण सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार आज दिन का अधिकतम तापमान लगभग 28त्उ से 31त्उ के बीच रहा, जबकि रात का न्यूनतम तापमान 20त्उ से 22त्उ के आसपास रहने का अनुमान है। पूरे दिन आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ-साथ हल्की बूंदाबांदी का सिलसिला जारी रहा।

बारिश की संभावना लगभग 40% से 60% के बीच बनी रही, जिसके चलते कई क्षेत्रों में सड़कों पर नमी और ठंडक महसूस की गई। पश्चिम दिशा से लगभग 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं, जिसने मौसम को और अधिक खुशनुमा बना दिया।

आर्द्रता का स्तर भी बढ़कर लगभग 55% से 70% के बीच दर्ज किया गया, जिससे वातावरण में नमी बनी रही। दिनभर की इस मौसम गतिविधि के चलते लोगों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन कहीं-कहीं हल्की असुविधा भी देखने को मिली। स्थानीय निवासियों के अनुसार आज शहर के विभिन्न इलाकों में अलग-अलग समय पर बारिश दर्ज की गई, जिससे मौसम पूरी तरह से परिवर्तित नजर आया। मौसम विभाग ने आगे भी इसी तरह के बदलते मौसम और हल्की बारिश की संभावना जताई है।

प्रशासन ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे मौसम के अनुसार अपनी दिनचर्या में सावधानी बरतें, विशेषकर बारिश के दौरान यातायात में सतर्कता बनाए रखें।

# छाया पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा फल घोषित बच्चों ने किये नए कीर्तिमान स्थापित

अनिल वशिष्ठ






**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** गोविंदपुरी स्थित प्रतिष्ठित छाया पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा फल आज घोषित किया गया। जिसमें अलग-अलग कक्षाओं में बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त कर नई कीर्तिमान स्थापित किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने बताया कि सभी कक्षाओं का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा प्ले वे में वैष्णवी ,नर्सरी हर्षित ,एल के जी लक्ष्य, यूकेजी वीवान, फर्स्ट क्लास आरोही, सेकंड क्लास रितेश, थर्ड क्लास मानवी, फोर्थ क्लास करण,फिफ्थ क्लास श्रद्धा, सिक्स क्लास देव, सेवंथ भव्य,आठवी देवेसी, नवी तनिष्का बंसल 11वीं कॉमर्स स्वाति ग्यारहवीं साइंस तपस्वी सर्वश्रेष्ठ अंक लाकर अपनी अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी द्वारा बच्चों को मिठाई खिलाकर व मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने बताया सभी बच्चों ने पूरी मेहनत के साथ परीक्षा दी और अच्छा परीक्षा फल पाकर बच्चों के साथ-साथ अभिभावक भी प्रश्न नजर आए और स्कूल परिवार के साथ खुशी को साथ-साथ मनाया इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व सम्मानित अभिभावकों की गरिमामय में उपस्थिति रही।

# मोहित जाटव का दिल्ली पुलिस में चयन होने पर किया सम्मान



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** ग्राम रोरी में जय प्रकाश जाटव व श्रीमती शीला देवी के पुत्र व स्व रुड़े सिंह के पौत्र मोहित जाटव को दिल्ली पुलिस में चयन होने पर राष्ट्रीय लोकदल के द्वारा स्वागत और अभिनन्दन बुके व माला पहनाकर किया। मोहित जाटव के उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाये करते हुए तथागत भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेट देकर सम्मानित किया। बहुत गरीबी से लड़ते हुए शिक्षा और मेहनत के बल पर मुकाम हांसिल किया।

स्वागत व सम्मानित करने वाले मुख्य अतिथि रालोद के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र जाटव जिला अध्यक्ष एस.सी प्रकोष्ठ, विशिष्ट अतिथि विनोद गौतम जिला उपाध्यक्ष, जगदीश कोरी कृष्णापुरी, हरिदत्त कसाना, किशनलाल शर्मा, रामलाल कोरी, प्रधान ऋषिराज वाल्मीकि रहें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का माला से स्वागत किया। ग्राम के गणमान्य व्यक्ति बब्लू आदिल, बिल्लू, सम्राट, चंद्रपाल, लालसिंह मास्टर जी, ब्रह्म सिंह, सोहनलाल, मास्टर तारा सिंह, मिंटू बी डी सी, बिजेंद्र सिंह, रत्न सिंह, श्रीचंद, राजेंद्र, आनंद सिंह, दिव्यांशु, दिवान, छोटू सदस्य ग्राम पंचायत, मलूक सिंह, रहें नारी शक्ति के रूप में श्रीमती गजेंद्री देवी, विधादेवी, रामबीरी देवी, ओमबीरी आदि उपस्थित रही।

# बिना सूचना कट रही बिजली, स्मार्ट मीटर बने मुसीबत का कारण

## प्रीपेड सिस्टम से उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी

- शिकायत के बावजूद नहीं हो रहा समाधान, अधिकारीयों के चक्कर काटने को मजबूर लोग

अनिल वशिष्ठ




**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद जनपद में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर अब विद्युत उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली आपूर्ति बंद कर दी जा रही है, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है।

जानकारी के अनुसार, जिले में अब तक करीब ढाई लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं और शासन द्वारा इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। ये स्मार्ट मीटर प्रीपेड प्रणाली पर आधारित हैं, लेकिन अधिकांश उपभोक्ताओं को इसकी सही जानकारी नहीं है। ऐसे में बैलेंस नेगेटिव होते ही अचानक बिजली कनेक्शन काट दिया जा रहा है।

सबसे बड़ी समस्या यह है कि उपभोक्ताओं को बैलेंस खत्म होने या नेगेटिव होने की कोई सूचना नहीं दी जा रही। न तो मैसेज भेजे जा रहे हैं और न ही अन्य किसी माध्यम से जानकारी दी जा रही है। अचानक बिजली कटने से परेशान उपभोक्ता विद्युत विभाग के दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं मिल रहा है। अब तक शहर के लगभग 20 हजार घरों की बिजली काटी जा चुकी है। कई उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन भुगतान भी किया, लेकिन इसके बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। उपभोक्ताओं को 1912 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी जा रही है, लेकिन यह नंबर अक्सर नहीं मिलता और अगर संपर्क हो भी जाए तो समस्या का समाधान नहीं हो पाता।

मोबाइल की तरह करना होगा रिचार्ज

स्मार्ट प्रीपेड मीटर में बैलेंस खत्म होने पर बिजली स्वतः बंद हो जाती है। उपभोक्ताओं को मोबाइल की तरह रिचार्ज कराना अनिवार्य है, तभी बिजली आपूर्ति बहाल होती है। इस व्यवस्था से परेशान लोग लगातार हेल्पलाइन और विभागीय कार्यालयों में संपर्क कर रहे हैं, लेकिन समाधान न मिलने से उनकी समस्याएं और बढ़ती जा रही हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि बार-बार विभाग के चक्कर लगाने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हो रही, जिससे वे बेहद परेशान हैं।

# राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर दिया बल



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** देव विहार कॉलोनी में राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति की एक बैठक हुई जिसमें संगठन को मजबूत बनने पर बल दिया गया। देव विहार में मुकेश कुमार के निवास स्थान पर जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा (पूर्व ब्लैक कैट कमांडो) के द्वारा एक विशाल बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में अध्यक्षाता मनोज शर्मा ने की।, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के सभी नये एवं पुराने पदाधिकारी, सदस्यगण को अवगत कराया तथा अधिकारी व नेता को ईमानदारी से काम करना चाहिए। समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी जो अधिकारी एवं नेता ईमानदारी से कार्य नहीं कर रहे थे उनको बेनकाब करेगी और उनके खिलाफ कार्रवाई करावेगी। बैठक में संगठन को मजबूत करने का आवाहन किया गया। केन्द्र तथा राज्य सरकार की जनहित योजना का प्रचार व प्रसार पर जोर दिया गया। बैठक में कहा गया कि जो पदाधिकारी व सदस्य अपनी जिम्मेदारी से कार्य नहीं करेंगे उनके खिलाफ जल्द ही वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा कार्यवाही की जायेगी। बैठक से मण्डल सचिव मेरठ आजाद हुसैन, जिला सचिन खाध रसदविभाग विजय शर्मा, जिला सचिव प्रशालिनक मंशाराम उपाध्याय, जिला सचिन पीडब्लूडी शिव ओम शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम शेख, सदस्य शाहिद, नरेशचन्द्र रामपाल शर्मा, अरशद खान, जोगिन्द्र काली, अमिता शर्मा आदि उपस्थित रहे। बैठक में मुकेश कुमार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपस्थित पदा धिकारी व सदस्यगण ने समर्थन किया।

# बुनकर मार्ट परियोजना में तेजी लाने के निर्देश, लापरवाही पर पेनाल्टी की चेतावनी



कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने मधुबन बापूधाम स्थित निमार्णाधीन बुनकर मार्ट (एक्सपो एवं कन्वेंशन सेंटर) परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर सचिव, मुख्य अभियंता, अधिशासी अभियंता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं तकनीकी टीम भी मौजूद रही। उपाध्यक्ष ने परियोजना की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर श्रमिकों की कम संख्या पर उपाध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित कार्यदायी संस्था पर नियमानुसार पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से साइट पर उपस्थित रहकर कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करें, जिससे परियोजना समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो सके। गौरतलब है कि मधुबन बापूधाम में लगभग 115 करोड़ की लागत से विकसित हो रहा यह बुनकर मार्ट सह एक्सपो एवं कन्वेंशन सेंटर बुनकरों, शिल्पकारों और हस्तशिल्प कारीगरों के लिए एक बड़ा मंच साबित होगा।

# 106 दिव्यांगजनों को मिली नई रफ्तार: मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल से आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा कदम





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** जनपद गाजियाबाद के विकास भवन परिसर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण को समर्पित एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 106 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल वितरित की गईं। यह पहल इंडियन ऑयल रिफाइनरी के सीएसआर फंड के सहयोग से तथा एलिमको द्वारा आयोजित विशेष कैंप के माध्यम से संपन्न हुई।

कार्यक्रम से पूर्व जिला प्रशासन एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर लाभार्थियों का चिन्हांकन किया गया था। चयनित सूची के आधार पर पात्र दिव्यांगजनों को इस योजना का लाभ प्रदान किया गया। विशेष बात यह रही कि इस पहल के अंतर्गत 80 प्रतिशत या उससे कम दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को भी ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गईं, जिससे अधिक जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंच सकी।


मुख्य अतिथि श्री प्रदीप कुमार पाण्डेय ने दिव्यांगजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हैं। वहीं, इंडियन ऑयल रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक श्री आर.आर. राजे ने आश्वस्त किया कि दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए सीएसआर के तहत ऐसे प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी श्री अंशुल चौहान ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक दिव्यांगजन विकास भवन स्थित कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 8791491011 पर आवश्यक दस्तावेज भेजकर भी आवेदन किया जा सकता है।

कार्यक्रम का संचालन सुश्री रीचा द्वारा किया गया। इस अवसर पर इंडियन ऑयल, एलिमको तथा जिला प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अंत में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने सभी सहयोगी संस्थाओं–इंडियन ऑयल रिफाइनरी एवं एलिमको–का आभार व्यक्त किया।

# दिल्ली गेट में पत्रकार पर जानलेवा हमला, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, पुलिस पर उठे सवाल

कपिल चौहान




**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के दिल्ली गेट इलाके में एक पत्रकार पर जानलेवा हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस हमले में पत्रकार आकाश गर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे जिले के पत्रकारों में भारी रोष व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात बड़ी संख्या में कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से लैस होकर पत्रकार का पीछा किया और उन्हें घेरकर बेरहमी से पीटा। इस पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि हमलावर हाथों में डंडे लिए पत्रकार के पीछे दौड़ रहे हैं। जैसे ही पत्रकार गिरते हैं, हमलावर उन पर ताबड़तोड़ हमला कर देते हैं। घटना के बाद स्थानीय पत्रकारों में आक्रोश है और उन्होंने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। पत्रकारों का कहना है कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद देर रात तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जो कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाता है। पत्रकार संगठनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की है।

साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी होने की बात कह रही है, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# ‘टेबल पंचांग’ का भव्य विमोचन: परंपरा और तकनीक का संगम बना आकर्षण

कपिल चौहान




**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** सेक्टर-62 स्थित प्रेरणा मीडिया नैपुण्य संस्थान में देश के पहले ‘टेबल पंचांग’ का भव्य विमोचन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अभिनव पंचांग का निर्माण श्याम सुन्दर पाठक द्वारा किया गया है, जिसे सरल और उपयोगी स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार प्रत्यूष रंजन, सईद अंसारी तथा वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव नारायण मिश्रा (एडिशनल पुलिस कमिश्नर, नोएडा) ने संयुक्त रूप से पंचांग का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रत्यूष रंजन ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आधुनिक युग में भी भारतीय पंचांग और ज्योतिष शास्त्र अपनी वैज्ञानिक और गणितीय सटीकता के कारण प्रासंगिक बने हुए हैं। उन्होंने सूर्य और चंद्र ग्रहण की प्राचीन गणनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय विद्वानों की विद्वत्ता विश्व में अद्वितीय रही है। साथ ही उन्होंने लोगों से किसी भी जानकारी को स्वीकार करने से पहले उसका फैक्ट चेक करने की अपील की।

मुख्य अतिथि सईद अंसारी ने भारतीय संस्कृति की गंगा-जमुनी तहजीब पर प्रकाश डालते हुए ‘वसुधैव कुटुम्बकम’ और ‘सर्वे भवन्तु सुखिनः’ जैसे मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपनी जड़ों से जुड़कर ही भारत पुनः विश्वगुरु बन सकता है।

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव नारायण मिश्रा ने युवाओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का संदेश देते हुए कहा कि तीज-त्योहारों के पीछे छिपे वैज्ञानिक महत्व को समझना आवश्यक है। उन्होंने श्याम सुन्दर पाठक के इस प्रयास को सराहनीय और प्रेरणादायक बताया। पंचांग के निमार्ता श्याम सुन्दर पाठक ने बताया कि पारंपरिक पंचांग की जटिलता को देखते हुए इसे सरल भाषा और तार्किक व्याख्या के साथ तैयार किया गया है, ताकि आमजन इसे दैनिक जीवन में सहजता से उपयोग कर सकें।

कार्यक्रम का संचालन गौरव ललित शर्मा ने किया। इस अवसर पर राजपुरोहित मधुर जी, वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल शर्मा, आरती शर्मा, पूजा चौधरी, छवि श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लाजपतनगर और राजेन्द्र नगर में जीडीए की बड़ी कार्रवाई, अवैध निर्माण ध्वस्त




अरुण मिश्रा

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (GDA) ने लाजपतनगर और राजेन्द्र नगर क्षेत्र में व्यापक ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। उपाध्यक्ष के निदेशों के क्रम में प्रभारी प्रवर्तन जोन-07 के नेतृत्व में यह कार्रवाई 30 मार्च 2026 को संपन्न की गई।

कार्रवाई के दौरान साहिबाबाद स्थित लाजपतनगर के भवन संख्या ए-133 व ए-133ए में किए गए अतिरिक्त निर्माण को ध्वस्त किया गया। वहीं राजेन्द्र नगर क्षेत्र में भी कई स्थानों पर अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला। इसमें सेक्टर-2 के भूखंड संख्या 6/146 पर अतिरिक्त तल का निर्माण, भूखंड संख्या 2/29 के सामने डाली गई टीन शेड तथा सेक्टर-5 के भूखंड संख्या 1/21 के सामने बनाए गए अवैध टॉयलेट को हटाया गया। ध्वस्तीकरण के दौरान निर्माणकताओं द्वारा विरोध भी किया गया, लेकिन प्राधिकरण के पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए कार्रवाई को सुचारू रूप से जारी रखा। इस दौरान सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-07 का स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल एवं प्रवर्तन दस्ते की टीम मौके पर मौजूद रही।

प्राधिकरण अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध निर्माण के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई तेज की जाएगी, जिससे क्षेत्र में नियमानुसार विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# अमर भारती साहित्य संस्कृति ने की पुस्तकालय की स्थापना

## उदघाटन समारोह में जुटे शहर के कवि, लेखक, चित्रकार व रंगकर्मी

वेलकम इंडिया संवाददाता




**गाजियाबाद।** गाज़ियाबाद शहर में अच्छे सार्वजनिक पुस्तकालयों के अभाव को दूर करने के उद्देश्य से अमर भारती साहित्य संस्कृति संस्थान ने गोविन्दपुरम कालोनी में एक पुस्तकालय की स्थापना की है। उद्घाटन समारोह में शहर के कवि, लेखक, चित्रकार व रंगकर्मी शामिल हुए।इस अवसर पर पुस्तक संस्कृति विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन भी किया गया।परिचर्चा को शुरू करते हुए आकाशवाणी के पूर्व उपनिदेशक सोमदत्त शर्मा ने समाज के सतत बौद्धिक विकास के लिए पुस्तकालयों की भूमिका को अहम बताया।सुप्रसिद्ध आलोचक वेद शर्मा वेद ने कहा कि हजारों सालों का ज्ञान पुस्तकों में संचित है, इसलिए शहर-शहर अच्छे पुस्तकालय बनने चाहिएँ।परिचर्चा को आगे बढ़ाते हुए प्रख्यात कहानीकार विपिन जैन ने घरों में पुस्तकों के लिए सिकुड़ते हुए स्पेस पर चिंता जाहिर की।

इसी कड़ी में आजकल पत्रिका के पूर्व संपादक डॉ योगेन्द्र दत्त शर्मा ने गाज़ियाबाद शहर में कला-साहित्य के उन्नयन के लिए उपयुक्त स्थानों व संसाधनों की कमी पर अफसोस जाहिर किया।उन्होंने बताया कि स्वर्गीय हर प्रसाद शास्त्री ने कला-साहित्य के विकास के लिए हिंदी भवन का निर्माण करवाया, लेकिन आज वह कुछ पूँजीपतियों की निजी जागीर बनकर रह गया। परिचर्चा को और सार्थकता प्रदान करते हुए चर्चित पुस्तक ‘गंगा तीरे’ के लेखक व वरिष्ठ पत्रकार अमरेन्द्र राय ने कहा कि पुस्तकें आज भी ज्ञान प्राप्ति का प्रमुख श्रोत बनी हुई हैं।सुप्रसिद्ध चित्रकार डॉ लाल रत्नाकर ने कला-साहित्य के प्रति शहर के जनप्रतिनिधियों व अफसरशाही के उपेक्षापूर्ण रवैये का ज़िक्र किया। कथाकार सुभाष अखिल ने पुस्तकालय को पुस्तकालय विज्ञान के अनुसार व्यवस्थित करने का सुझाव दिया।कथाकार रविंद्र कान्त त्यागी ने सृजन की दुनिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दखल का मुद्दा उठाया।कवयित्री सविता शर्मा ने पुस्तकों को उपहार में देने की परंपरा को बनाए रखने पर जोर दिया। परिचर्चा में हापुड़ से आयी कवयित्री कमलेश त्रिवेदी फर्रूखाबादी, पत्रकार शकील अहमद, कवि व रंगकर्मी दीपक श्रीवास्तव, संगीतकार डॉ रमेश कुमार भदौरिया एवं कवि बृजेश सिंह ने भी अपने मूल्यवान विचार साझा किए। परिचर्चा का संचालन पुस्तकालय के प्रबंधक प्रवीण कुमार ने किया।संस्थान के संस्थापक व सुप्रसिद्ध गीतकार डॉ धनंजय सिंह ने सभी विद्वानों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता तेजपाल सिंह, सॉफ़्टवेयर इंजीनियर अरुण चौधरी, शैलेंद्र सिंह, वित्तीय सलाहकार पुनीत श्रीवास्तव, समाजसेवी अरुण शर्मा, पर्यावरणविद राजीव त्यागी, वनस्पति शास्त्री गरिमा कुमार व इंजीनियरिंग के छात्र कुमार आर्यन भी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में डीसीपी ने सुनी फरियाद, त्वरित समाधान के दिए निर्देश



कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पुलिस उपायुक्त नगर/मुख्यालय श्री धवल जायसवाल ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शिकायत लेकर पहुंचे लोगों से सीधे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मामलों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।

डीसीपी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जनता का विश्वास पुलिस व्यवस्था में बना रहे। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें भूमि विवाद, पारिवारिक मामले एवं अन्य शिकायतें शामिल रहीं। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों का निस्तारण किया, जबकि शेष मामलों के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

# पोस्को मामलों पर समन्वय बढ़ाने को DLSA की कार्यशाला, सपोर्ट पर्सन को मिला विशेष प्रशिक्षण

अरुण मिश्रा



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (DLSA) के तत्वावधान में जिला स्तर पर सपोर्ट पर्सन एवं विभिन्न विभागों के हितधारकों के लिए एकदिवसीय अभिसरण (कन्वर्जेंस) प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय सिंह ने की, जबकि प्रशिक्षण सत्र का संचालन विचित्रवीर सिंह द्वारा किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पोस्को अधिनियम से संबंधित प्रक्रियाओं पर साझा समझ विकसित करना, सपोर्ट पर्सन की भूमिका को मजबूत बनाना तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाना था।

प्रशिक्षण सत्र में कमल किशोर उपाध्याय, लोकेन्द्र सिंह तथा चंचल गुप्ता ने प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पोस्को मामलों की प्रक्रिया, केस मैनेजमेंट, चाइल्ड-फ्रेंडली दृष्टिकोण और विभागीय समन्वय के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में DCPU, CWC, जिला बाल संरक्षण इकाई, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, वन-स्टॉप सेंटर और हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने अनुभव और सुझाव साझा किए।

कार्यक्रम का समापन DLSA सचिव संजय सिंह के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों से बच्चों के सर्वोत्तम हित में संवेदनशील और समन्वित कार्यप्रणाली अपनाने का आह्वान किया गया।

# छत से कूदकर व्यक्ति ने की आत्महत्या, नंदग्राम क्षेत्र में सनसनी



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना नन्दग्राम क्षेत्र के राजनगर एक्सटेंशन स्थित एक सोसाइटी में सोमवार को एक व्यक्ति द्वारा बिल्डिंग की छत से कूदकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान रघुकुल तिलक (उम्र करीब 40 वर्ष) के रूप में हुई है, जिन्होंने छत से छलांग लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद परिजनों से पूछताछ की जा रही है, ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में सहायक पुलिस आयुक्त नंदग्राम श्री जियाउद्दीन अहमद ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही घटना के कारणों का खुलासा किया जाएगा।

# बदहाल वार्ड 07: टूटी सड़कें, ओवरफ्लो सीवर और गंदगी से त्रस्त जनता में उबाल







कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद जिले की विधानसभा 56 के अंतर्गत आने वाले वार्ड संख्या 07 की हालत दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। क्षेत्र में जगह-जगह ऊंचे-नीचे खड़ंजे, जर्जर सड़कों और ओवरफ्लो होते सीवर से निकलने वाला गंदा पानी लोगों के घरों और दुकानों में घुस रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड में फैली गंदगी और जलभराव ने स्थिति को और भी भयावह बना दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि कोई ठोस कदम उठाते नजर नहीं आ रहे हैं। नागरिकों ने बताया कि चुनाव के समय क्षेत्र को साफ-सुथरा और विकसित बनाने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन मौजूदा हालात उन सभी दावों की पोल खोल रहे हैं। वार्ड 07 की पार्षद मुन्नी देवी द्वारा भी विकास और मूलभूत सुविधाओं को सुधारने के कई आश्वासन दिए गए थे, जो अब तक धरातल पर नहीं उतर सके हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब वे अपनी समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों के पास जाते हैं, तो उन्हें केवल आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। इससे जनता में निराशा के साथ-साथ भारी आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। विधानसभा 56 का यह महत्वपूर्ण वार्ड घनी आबादी और बड़े क्षेत्रफल के कारण विशेष ध्यान की मांग करता है। इसके बावजूद समस्याओं का निराकरण न होना प्रशासनिक कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि वार्ड 07 की बदहाल स्थिति पर तत्काल संज्ञान लिया जाए और साफ-सफाई, सीवर व्यवस्था में सुधार तथा सड़कों की मरम्मत जैसे जरूरी कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएं, ताकि जनता को राहत मिल सके और क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया जा सके।


**सम्बंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र गौरव व उसकी धर्मपत्नी अंजलि को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गये किसी भी कृत्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**किरन देवी**
**पत्नी श्री अर्जुन सोनिका**
**निवासी- पीले क्वार्टर, लोहिया नगर, गाजियाबाद**